हिमाचल में कड़ाके की सर्दी के बीच शरद महोत्सव

दैनिक
सांध्य प्रकाश

भोपाल की धड़कन

वर्ष 52/ अंक 150/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10

संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल

■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, बुधवार 4 जनवरी 2023 भोपाल से प्रकाशित

dainiksandhyaprakash.in



सांध्य प्रकाश विशेष

मध्य प्रदेश में चुनाव से पहले बढ़ी संघ की सक्रियता, मोहन भागवत कर रहे हैं लगातार दौरे

भोपाल। मध्य प्रदेश में इसी साल विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं, यह चुनाव कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी दोनों के बीच कशमकश भरे होना है, इस संभावना को कोई नहीं नकार सकता। यही कारण है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने इन चुनावों पर खास नजर बनाई हुई है। राज्य में हुए वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी को हार का सामना करना पड़ा था।



लिहाजा, वर्ष 2023 के चुनाव में किसी तरह की कमीबेशी न रह जाए, इसके लिए बीजेपी की ओर से एड़ी चोटी का जोर लगाया जा रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को बीजेपी का मातृ संगठन माना जाता है, मगर संघ कभी भी खुले तौर पर चुनावी गतिविधियों में हिस्सेदारी नहीं लेता। पर्दे के पीछे रहकर बीजेपी के लिए जमीन जरूर तैयार करता है। सूत्रों का कहना है कि संघ ने जमीनी स्तर के आकलन की प्रक्रिया को तेज कर रखा है और वर्तमान विधायकों के अलावा जहां कांग्रेस से विधायक हैं, उन स्थानों की स्थिति का भी ब्यौरा जुटाया जा रहा है।

संघ से जुड़े लोग अपनी सामाजिक गतिविधियों को भी बढ़ा रहे- कई विधायकों का फीडबैक नकारात्मक आया है, जिसके चलते उनके टिकट भी कट सकते हैं, इसके साथ ही संघ से जुड़े लोग अपनी सामाजिक गतिविधियों को भी बढ़ा रहे हैं। संघ के प्रमुख सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत के भी मध्यप्रदेश के दौरे लगातार हो रहे हैं। उनके इन प्रवासों को भी सियासी चश्मे से देखा जा रहा है। इन प्रवासों के दौरान भागवत ने समाज के अलग-अलग प्रतिनिधियों से बैठक की और अपनी बात कहने के साथ उनके भी विचार सुने. भागवत के अलावा भी संघ के प्रमुख लोगों की राज्य में गतिविधियां बढ़ रही हैं।

इंदौर में विहिप की तीन दिवसीय सन्यासी मंडल और प्रबंध समिति की भी हुई बैठक - इतना ही नहीं, इंदौर में विश्व हिंदू परिषद की तीन दिवसीय सन्यासी मंडल और प्रबंध समिति की बैठक भी हुई। इस बैठक में लव जिहाद, धर्मांतरण जैसे मुद्दे छाए रहे. बैठक में यह भी तय हुआ है कि विहिप, बजरंग दल, दुर्गा वाहिनी, संतों और समाज के चिंतकों के साथ मिलकर इन स्थितियों से मुकाबला करेगा. यह निर्णय उस इलाके में हुई बैठक में लिया गया है, जहां सबसे ज्यादा इस तरह की घटनाएं सामने आती हैं।

आरएसएस की राज्य में सक्रियता पहले के मुकाबले कहीं ज्यादा- राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि आरएसएस और उसके अनुषांगिक संगठनों की राज्य में सक्रियता पहले के मुकाबले कहीं ज्यादा है. इसकी वजह इसी साल होने वाले राज्य के विधानसभा चुनाव भी हैं, क्योंकि वर्ष 2018 में हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और बीजेपी के बीच कांटे का मुकाबला रहा था. आगामी चुनाव में भी मुकाबला बराबरी का रहने की संभावना है. लिहाजा, बीजेपी के लिए संघ ने जमीन मजबूत करने के प्रयास तेज कर दिए हैं।

खेल के मैदान पर शिवराज...

आज भोपाल में अंतर प्रेस क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ करने पहुंचे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शानदार बल्लेबाजी की...।

मप्र कड़ाके की सर्दी की चपेट में, भोपाल में 22 साल की रिकॉर्ड ठंड

भोपाल। मध्यप्रदेश में नया साल ठंड लेकर आया। पिछले 4 दिन से मध्यप्रदेश कड़ाके की ठंड की चपेट में है। प्रदेशभर में शीतलहर ने लोगों को ठिठुरा दिया। ग्वालियर सबसे ठंडा रहा। यहां रात में पारा 4.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मध्य प्रदेश के 7 जिलों को छोड़ दें तो बाकी 45 जिलों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे रहा है।

ग्वालियर के बाद गुना सबसे ठंडा रहा। यहां रात का पारा 5.7 डिग्री दर्ज हुआ। राजगढ़ में 6, रतलाम में 6.5, सागर में 7, इंदौर में 7.3, भोपाल-रायसेन में 7.4, नौगांव में 7.5, धार में 7.7, पचमढ़ी, खजुराहो, उज्जैन में 8, उमरिया में 8.3, नरसिंहपुर में 8.4, दमोह, सिवनी में 9, बैतूल, रीवा में 9.5 और जबलपुर में रात का तापमान 9.9 डिग्री रिकॉर्ड हुआ।

अगले तीन दिन तक दिन में तापमान 25 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहेगा। प्रदेश भर में सुबह और शाम को कोहरा रहेगा। मौसम विभाग की मानें तो ग्वालियर में दिल्ली की तरह रात की सर्दी रहेगी। बुधवार शाम से मध्यप्रदेश के कुछ इलाकों में बादल छा सकते हैं। खंडवा, बैतूल, छिंदवाड़ा, जबलपुर और शहडोल के आसपास के इलाकों में हल्की बूंदाबांदी या बारिश हो सकती है। इंदौर और भोपाल में भी इसकी असर नजर आने लगेगा।

पहाड़ों पर और ज्यादा बर्फबारी के आसार; हालात और बिगड़ेंगे

जनवरी की शुरुआत में देशभर में रिकॉर्ड तोड़ सर्दी पड़ी है। सर्दी ने मध्य प्रदेश के भोपाल में 22 साल, पंजाब में 19 और हरियाणा में 11 साल का रिकॉर्ड तोड़ा। पूरे उत्तर भारत में कोल्ड वेव अलर्ट है। उत्तर प्रदेश के 35 जिलों में शीत लहर का रेड अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के मुताबिक, जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में आने वाले दिनों में ज्यादा बर्फबारी होने की संभावना है। इसके चलते क्र राजस्थान समेत कई राज्यों में शीतलहर बढ़ेगी। मौसम वैज्ञानिकों ने अगले दो दिनों तक यूपी के 35 जिलों में ठंड का रेड अलर्ट जारी किया है। ठंड के चलते हार्ट अटैक से होने वाली मौतों के आंकड़ों कम नहीं हो रहे हैं। बीते 24 घंटे में कानपुर में 10 लोगों ने हार्ट अटैक से दम तोड़ा है। पंजाब और हरियाणा में में इस बार कोल्ड डे ने नया रिकॉर्ड बना दिया है। आईएमडी चंडीगढ़ के डायरेक्टर डॉ. मनमोहन सिंह ने बताया कि पंजाब में 19 साल यानी 2003 के बाद जनवरी के पहले हफ्ते में दिन का पारा 8 से 11 डिग्री के बीच रिकॉर्ड किया गया। इससे पहले साल 2003 में पंजाब में अधिकतम पारा 11 से 12 डिग्री रहा था।

कोहरा बना मुसीबत, सड़क किनारे खड़े ट्रक में घुसी मारुति वैन

एक की मौत, नौ घायल

रायसेन। बीती रात रायसेन जिला के दीवानगंज कस्बे के पास स्टेट हाइवे-18 पर कोहरे के कारण मारुति वैन सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे से आकर टकरा गई। टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि वैन का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और इसमें सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई व 9 लोग घायल हुए हैं। कार सवार लोग बागेश्वर धाम से लौट रहे थे।

दीवानगंज पुलिस चौकी प्रभारी बीरबल सिंह ने बताया कि मृतक मेहरबान सिंह इंदौर के निकट ग्राम बजरंग पालिया का था। सांची शासकीय अस्पताल में उसका पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। जबकि अन्य घायल हुए 9 लोगों को उपचार के लिए एम्बुलेंस से रात में ही भोपाल भेजा गया था। जहां उनका उपचार चल रहा है। वैन में सवार सभी लोग छतरपुर के बागेश्वर धाम से लौट रहे थे। रात में इन्होंने सलामतपुर व दीवानगंज के बीच ढाबा पर खाना खाया था। उसके बाद यह लोग जब भोपाल की ओर जा रहे थे तभी दीवानगंज के फैक्ट्री चौराहा दाल मिल के पास सड़क किनारे खड़े ट्रक के पीछे से वैन टकरा गई। सूचना मिलते ही घायलों को उपचार के लिए पहले रायसेन व बाद में गंभीर घायलों को भोपाल भेजने के लिए एंबुलेंस की व्यवस्था की गई।

दिल्ली में दोस्ती से इनकार पर चाकू से हमला,

कौशांबी में साइकिल सवार छात्रा को कार ने 200 मीटर तक घसीटा

नई दिल्ली। दिल्ली में दोस्ती से इनकार करने पर लड़के ने लड़की पर चाकू से हमले कर दिया। वहीं दूसरा घटनाक्रम 31 दिसंबर की रात की है जब एक लड़की को कार में सवाल लोगों ने अंदर खींचने की कोशिश की। बचाव में लड़की घायल हो गई, जिसका इलाज चल रहा है। कौशांबी में साइकिल सवार छात्रा को कार से 200 मीटर तक घसीटने की घटना सामने आई है। दिल्ली पुलिस ने बुधवार को बताया कि 22 वर्षीय सुखविंदर को आदर्श नगर इलाके में सोमवार (2 जनवरी) को एक लड़की को चाकू मारने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। दोनों दोस्त थे और इसी विवाद के उसने लड़की को 3-4 बार चाकू मारा। लड़की को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उसकी हालत स्थिर है। यह हमला सीसीटीवी में कैद हो गया जिसमें दोनों रिहायशी इलाके में एक संकरी सुनसान गली में चलते दिख रहे हैं और कुछ मिनट चलने के बाद आरोपी ने लड़की पर हमला कर दिया।यूपी के कौशांबी जिले में दिल्ली जैसी घटना सामने आई है। यहां के मंझनपुर में साइकिल सवार छात्रा को कार ने टक्कर मार दी। टक्कर के बाद छात्रा कार में फंस गई। चालक ने कार नहीं रोकी और करीब 200 मीटर तक घसीटता रहा। छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने छात्र की मां की शिकायत के आधार पर आरोपी कार चालक के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज किया है।

केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल का काफिला हुआ सड़क दुर्घटना का शिकार

दमोह। केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल के दमोह दौरे के दौरान काफिला सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया। मंगलवार की देर शाम केंद्रीय मंत्री का कफिला बटियागढ़ से दमोह की ओर जा रहा था। इसी दौरान एक बस ने काफिले के साथ चल रहे पुलिस के फॉलो वाहन को टक्कर मार दी। मामला नरसिंहगढ़ चौकी क्षेत्र के कोपरा पुल के पास का है।

दुर्घटना में 3 पुलिस जवानों को चोट आई हैं। घटना की जानकारी के बाद केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल घायल जवानों का हाल जानने अस्पताल पहुंचे।जानकारी के मुताबिक केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल मंगलवार को अपने संसदीय क्षेत्र दमोह के दौरे पर थे। इसी दौरान वो मंगलवार की शाम बटियागढ़ से दमोह जा रहे थे। उनके साथ पुलिस का फॉलो वाहन भी चल रहा था। प्रहलाद पटेल का काफिला नरसिंहगढ़ चौकी क्षेत्र के चंपत पिपरिया गांव के पास पहुंचा ही था, उसी समय छतरपुर की ओर जा रही एक यात्री बस ने पीछे से पुलिस की फॉलो गाड़ी को टक्कर मार दी।

उसमें सवार तीन पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। इस दुर्घटना के बाद तुरंत मंत्री के काफिले को रोका गया और पुलिस को सूचना दी गई। वाहन में बैठे घायल पुलिसकर्मी एसआई एमपी सिंह, प्रधान आरक्षक देवी सिंह और वाहन चालक प्रधान आरक्षक यासीन खान को बाहर निकाला गया। सभी को जिला अस्पताल भर्ती किया है। वहीं घटना की जानकारी के बाद घायलों से मिलने के लिए केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल अस्पताल पहुंचे।

गुना में कार डिवाइडर से टकराई, 3 की मौत

गुना में कार एक्सीडेंट में महिला, ड्राइवर समेत 3 लोगों की मौत हो गई। कार देपालपुर से आगरा की ओर जाते वक्त पुलिया पर डिवाइडर से टकरा गई। घटना चांचौड़ा क्षेत्र के रानीखेजड़ा गांव के पास हुई। सुबह 7 बजे के आस-पास की घटना बताई जा रही है। आशंका है कि ड्राइवर को झपकी आने से कार अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। मारे गए लोगों के नाम दिनेश दास निवासी आश्रम बिजूर (धार), ड्राइवर सचिन निवासी देपालपुर (इंदौर) और नीलम निवासी आगरा (उत्तरप्रदेश) बताए गए हैं।

राम मंदिर के मुख्य पुजारी के बाद अब जन्मभूमि ट्रस्ट के महासचिव ने की राहुल गांधी की तारीफ

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा देश में निकाली जा रही भारत जोड़ो यात्रा की प्रशंसा राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने भी की। एक दिन पूर्व ही श्री राम जन्म भूमि के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने राहुल गांधी को पत्र लिखकर उनकी यात्रा की सराहना की थी।

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा कि एक नौजवान (कांग्रेस सांसद राहुल गांधी) इस ठंड में देश में पैदल चल रहा है, ये प्रशंसनीय है। एक 50 साल का नौजवान देश को समझ रहा और 3,000 किमी पैदल चल रहा है तो हम इसकी प्रशंसा ही करेंगे। उन्होंने कहा कि मैं तो कहता हूं कि आप सबको भी हिंदुस्तान की पदयात्रा करके भारत का अध्ययन करना चाहिए। न तो संघ और न ही देश के

प्रधानमंत्री ने उनकी यात्रा की आलोचना की है। ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरि ने भी यात्रा को स्वागत योग्य बताते हुए कहा कि भारत माता का नाम लेकर जो भी कुछ करता है वह कोई भी हो हम उसकी सराहना करेंगे। उनकी यात्रा से भारत जुड़ रहा है या नहीं, यह नहीं पता लेकिन राष्ट्र को जुड़ना चाहिए।

रालोद कार्यकर्ता शामिल हुए यात्रा में

भारत जोड़ो यात्रा के दूसरे दिन आज सुबह 6.15 बजे राहुल-प्रियंका के साथ यात्रा बागपत के मवी कलां से शुरू हुई। सबसे पहले तिरंगा फहराने के साथ राष्ट्रगान फिर आतिशबाजी हुई। बुधवार को रालोद कार्यकर्ता यात्रा में शामिल हुए।

बागपत के गांव सिसाना के नजदीक राहुल गांधी ने अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया से जुड़े 5 युवाओं से करीब 25 मिनट तक बातचीत की। इसमें एक युवा देवीलाल चौधरी भी शामिल था, जिसने भारत की ओर से 100 किमी रेस में गोल्ड मेडल जीता था। उन्होंने राहुल गांधी को बताया कि अग्निवीर भर्ती में उनका सिलेक्शन हो चुका था, लेकिन बाद में बिना कारण बताए सिलेक्शन रद कर दिया गया। उन्होंने कहा कि ऐसे कई हजार युवा हैं, जो सिलेक्शन होने के बावजूद सेना में भर्ती नहीं हो पाए। राहुल गांधी ने कहा कि अगर हम सत्ता में आते हैं, तो अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया रद करके सेना भर्ती में पुरानी प्रक्रिया बहाल कर देंगे।

त्रिपुरा के पूर्व सीएम बिप्लब देब के घर पर भीड़ का हमला, आगजनी और तोड़फोड़

अगर तला। त्रिपुरा में गोमती जिले के उदयपुर में त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के राज्यसभा सांसद बिप्लब कुमार देब के पैतृक घर के बाहर मंगलवार देर रात अज्ञात भीड़ ने हमला कर दिया। भीड ने पुजारियों को भी निशाना बनाया। हमलावरों ने इस दौरान वाहनों में भी तोड़फोड़ की।

यह घटना उस समय हुई जब पुजारियों का एक ग्रुप देब के उदयपुर के जामजुरी इलाके के राजनगर स्थित आवास पर पहुंचा था। पुजारी बुधवार को देब के पिता की पुण्यतिथि के मौके पर उनके आवास पर यज्ञ करने आए थे। खबरों के मुताबिक, बदमाशों ने पुजारियों पर हमला किया और वाहनों में तोड़फोड़ की। आसपास के लोगों और स्थानीय लोगों ने पुजारियों को बचाया जिसके बाद हमलावर भाग

देश की प्रथम महिला शिक्षक सावित्रीबाई फुले की जयंती मनाई

भोपाल। अखिल भारतीय ओबीसी महासभा ओबीसी एसटी एससी अल्पसंख्यक मोर्चा एवं माली समाज के तत्वाधान में भारत की प्रथम महिला शिक्षक सावित्रीबाई फुले की जयंती महात्मा ज्योतिबा राव फूले भवन में विट्ठल मार्केट भोपाल में बड़ी धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में विशेष रुप से उपस्थित अखिल भारतीय ओबीसी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओबीसी ललित कुमार कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट तुलसीराम पटेल मध्य प्रदेश पिछड़ा वर्ग अधिकारी कर्मचारी संघ के संरक्षक राम विश्वास कुशवाहा मध्य प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग के सचिव डॉक्टर सूरज खोदरे पूर्व आईजी लखन लाल पूर्व आई एफ एस बीडी संखवार जी माली समाज की महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शांति माली अनुशासन समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष राधेश्याम पटेल राष्ट्रीय महासचिव के.पी.सिह राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राष्ट्रीय महासचिव रिंकु मीन किसान मोर्चा के अध्यक्ष राधेश्याम जितेंद्र साहू जी व्यापार मोर्चा अध्यक्ष डी पटेल राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शिशुपाल यादव समाजसेवी पवन पटेल कुर्मी समाज के प्रदेश सचिव जेपी पटेल युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम पटेल जी समाजसेवी अरुण कुमार सिंह ओबीसी सुनील कुमार प्रदेश महासचिव प्रवीण कुमार जी राम यस मौर्या जी इरशाद कुरैशी जी रणवीर कुमार मल रामअवतार वर्मा मंगल सिंह एवं माली समाज के जिला एवं प्रदेश पदाधिकारी गण विशेष रूप से उपस्थित रहे।

नशा मुक्ति की शपथ दिलाई

भोपाल । उद्देश्य युवा सामाजिक एवं जनकल्याण समिति द्वारा हमेशा ही लोगों को प्रकृति संरक्षण और युवाओं को जागरूक करने के लिए अभियान चलाए जाते हैं। संस्था के सदस्य लक्की चौबे ने बताया कि शहर में आज का युवा नशे का आदी होता जा रहा है जिसका समाज पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ रहा है जिससे अनेक बीमारियों लोगों में प्रवेश कर रही है युवा नशे के चक्कर मे अपना सारा जीवन बर्बाद कर रहे है इसी को देखते हुए उद्देश्य संस्था द्वारा युवाओं को नशा न करने के लिए जागरूक किया और शपथ दिलाई की न ही कोई नशा करे और नशा मुक्ति के लिए लोगों को जागरूक करें । इस अवसर पर संस्था के सदस्य, रवि परमार, लकी चौबे, मनीष कोली, भव्य सक्सेना, गंगा आदि सदस्य उपस्थित रहे।

नाली निर्माण का विधायक ने किया भूमि पूजन

भोपाल । गोविंदपुरा विधानसभा क्षेत्र स्थित वार्ड 74 में नाली निर्माण के लिए क्षेत्रीय विधायक कृष्णा गौर द्वारा गुरु पूजन किया गया 23 लाख रुपए की लागत से बनने वाली नाली से आसपास की कॉलोनियों को बारिश के पानी एवं अन्य असुविधाओं से निजात मिलेगी

पश्चिम मध्य रेलवे समाज कल्याण केंद्र के कैलेंडर का विमोचन

भोपाल । पश्चिम मध्य रेलवे समाज कलयाण केंद्र,भोपाल के नव वर्ष 2023 के कैलेंडर का विमोचन मंडल रेल प्रबंधक सौरभ बंदोपाध्याय ने कियां इस अवसर पर संस्था सचिव दिनेश त्रिपाठी,वेसेरेमसं के मंडल अध्यक्ष राजेश पांडे, जोनल कोषाध्यक्ष कमलेश परिहार उपस्थित संस्था सचिव दिनेश त्रिपाठी ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी समाज कल्याण उपहार वितरण किया जा रहा हें

उपनगर में यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए पुलिस ने शुरू की नई पहल

चंचल रोड की दुकानों के सामने 5 फीट की जगह पार्किंग के लिए निर्धारित

संत हिरदाराम नगर। उपनगर में दिनोंदिन बिगड़ रही यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए पुलिस ने नई पहल चलाई है जिसकी सामाजिक संस्थाएं और रहवासी सराहना कर रहे हैं। दुकानों के सामने 5 फीट की जगह पार्किंग के लिए निर्धारित कर दी गई है इससे लाईन मेंटेन करके यातायात व्यवस्था में काफी सुधार भी नजर आने लगा है।

दरअसल, सबसे व्यस्त मार्ग चंचल रोड़ से मिनी मार्केट तक अवैध पार्किंग के कारण यातायात व्यवस्था बिगड़ती है। बार-बार जाम लगने से लोगों को परेशानी होती है जिसको देखते हुए थाना प्रभारी डीपी सिंह के नेतृत्व में विगत दिनों व्यापारियों के साथ बैठक रखी गई थी जिसमें यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए विचार विमर्श किया गया था। चंचल रोड़ पर दुकानों के सामने 5 फीट की पीली लाइन खींच दी गई है। जिसमें दुकानदार और ग्राहक अपने दो पहिया वाहन खड़े कर सकते हैं यदि इससे बाहर की जाएगी तो कार्यवाही की जाएगी। थाना प्रभारी डीपी सिंह ने बताया कि व्यापारियों को व्यवस्था बनाने के लिए दस दिन का समय दिया है मिनी मार्केट के बाद अब मल्टीलेवल पार्किंग रोड़ पर लाइन खींची जाएगी। यदि अब चार पहिया वाहन भी मार्ग पर खड़े नजर आए तो उन्हें क्रेन से उठाने की कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए व्यापारियों के सहयोग की जरूरत है जिससे यहां काफी बदलाव नजर आने लगेगा।

खामखेड़ा जिला पंचायत उपाध्यक्ष पहुंचे जनसुनवाई में

भोपाल । फंदा ब्लॉक की ग्राम पंचायत खामखेड़ा में प्रात: 11 मंगलवार के दिन होने वाली ग्राम पंचायत खामखेड़ा की जनसुनवाई में भोपाल जिला पंचायत उपाध्यक्ष मोहन सिंह जाट ने पहुंचकर लोगों की जन समस्याएं सुनी। मध्य प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की मंशा अनुसार जिला ब्लाक एवं पंचायत स्तर पर लोगों की समस्या सुनने के लिए हर मंगलवार को समय 11 से 1 तक लोगों की जन समस्याएं सुनने के लिए जनसुनवाई का आयोजन किया जाता है आज बेरसिया रोड के ग्राम पंचायतों में भोपाल जिला पंचायत उपाध्यक्ष मोहन सिंह जाट ने जनसुनवाई में भाग लिया और लोगों की समस्याएं सुनी। ग्राम पंचायत खामखेड़ा में पटवारी अविनाश तिवारी और जीआरएस हनी जैन बैठक में अनुपस्थित रहे जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने कही कि यह लोग कभी जनसुनवाई में आते ही नहीं है। भोपाल जिला पंचायत शिक्षा समिति के अध्यक्ष जिला पंचायत भोपालकिया जाएगा। इस अवसर पर जनपद सदस्य रेखा गोयल के प्रतिनिधि हिम्मत सिंह गोयल, सरपंच कृष्णा विक्रम यादव, पंचायत सचिव के उपाध्यक्ष मोहन सिंह जाट ने हाईस्कूल का आकस्मिक निरीक्षण कर स्कूल की समस्याएं सुनी।

29 दुकानों का आवंटन निरस्त

भोपाल। नगर निगम प्रशासन द्वारा भूखण्डों, दुकानों के किराए,भूभाटक की राशि जमा न कर आवंटन की शर्तो का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही निरंतर की जा रही है। नगर निगम द्वारा दुकान किराये,भूभाटक की राशि जमा न करने तथा आवंटन की शर्तों का उल्लंघन करने पर जोन क्रमांक 4 के मेकेनिकल मार्केट , वर्गीकृत बाजार, नादरा बस स्टेण्ड अदि स्थित 09 दुकानों/भूखण्ड जोन क्रमांक 05 के अंतर्गत तिलक मार्केट, ईतवारा की 19 तथा 12 न. स्टाप की 01 दुकान का आवंटन निरस्त करने की कार्यवाही की गई है। निगम आयुक्त श्री के.वी.एस.चौधरी ने जोन क्रमांक 04, 05 तथा जोन क्रमांक 10 के जोनल अधिकारियों को निर्देशित किया है।

भागवत कथा ज्ञान गंगा सप्ताह के प्रथम दिन निकाली कलश यात्रा

भोपाल। भानपुर मंडल अध्यक्ष नीलेश गौर, वार्ड 73 के पार्षद राजू राठौर, वार्ड 72 के पार्षद जोन 16 के अध्यक्ष विकास पटेल, भाजपा अजजा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, भोपाल जिला प्रभारी बालिस्ता रावत, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष राहुल कुचबंदिया के उपस्थिति में एवं श्रीमद् भागवत कथा के आयोजक संदीप सौदा (पंडा) संयोजक रेखा चौकसे, अध्यक्ष श्याम भैया, कोषाध्यक्ष बेनी प्रसाद साहू एवं समिति पदाधिकारियों के नेतृत्व में, जय मां कालका दी महारानी कुचबंदिया समाज शिवनगर भोपाल द्वारा श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान गंगा सप्ताह के प्रथम दिन कलश यात्रा निकाली गई। कथा के आयोजक संदीप सौदा (पंडा) एवं राहुल कुचबंदिया ने बताया कि कथावाचक आचार्य प.विष्णु कांत तिवारी के द्वारा 3 से 10 जनवरी 2023 तक दोपहर 2 से शाम 6 बजे तक कथा का श्रवण कराया जाएगा। 4 जनवरी को कथा प्रारंभ, 5 जनवरी को कथा प्रसंग, शुकदेव एवं परीक्षित जन्म, 6 जनवरी को सति, ध्रुव, प्रह्लाद चरित्र एवं नरसिंह अवतार, 7 जनवरी को वामन अवतार, राम एवं श्री कृष्ण जन्मोत्सव, 8 जनवरी को नंदोत्सव, बाल लीलाएं, गोवर्धन पूजा, छप्पन भोग दर्शन, 9 जनवरी को महारास, उद्धव चरित्र, श्री कृष्ण -रुक्मणी विवाह, 10 जनवरी को सुदामा चरित्र, भगवान के 16108 विवाह वर्णन, परीक्षित मोक्ष, भागवत संदेश, शिव विवाह, महाआरती एवं प्रसादी वितरण किया जायेगा। कलश यात्रा में नर्बदा प्रसाद सचान, हर्षसिंह राजपूत, विमलेश कुमार, बीएस मरमट, रवि लोधी, देवेंद्र साहू, सानू सौदा, संतु बाबा, जितेंद्र उंटबार, अभिषेक माली, अमन ठाकुर, सुमित माली, दिव्या पटेल, पूरन माली, नारायण दुबे, भीम पंथी, ज्योति विश्वकर्मा, सविता द्विवेदी, विजय बघेल, राजीव द्विवेदी एवं अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

मिठी गोबिन्दराम स्कूल में सिद्ध भाऊ ने किया पुरस्कार वितरण

संत हिरदाराम नगर। मिठी गोबिन्दराम पब्लिक स्कूल के प्रतिभावान छात्रों ने अलग-अलग क्षेत्रों मे अपनी प्रतिभा द्वारा उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया। अलग-अलग जगहों पर आयोजित हुई प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने अच्छा प्रदर्शन किया। इसके लिए उनको संत सिद्ध भाऊ द्वारा सम्मानित किया गया। संत सिद्ध भाऊ ने छात्रों को उनकी इस शानदार एवं भव्य उपलब्धि हेतु असीम शुभकामनाएँ संप्रेषित करते हुए कहा कि नव-वर्ष आपके भीतर नवीन ऊर्जा का संचार करे। उन्होंने कहा कि पौष्टिक आहार का सेवन आपके तन और मन को स्वस्थ एवं प्रसन्?न बनाए रखने मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है अत: घर पर बने माँ के हाथों का बना भोजन ही ग्रहण करे। अपनी संगति ऐसी चुने जो आपको अध्ययन कार्य एवं सद्-कार्य करने के लिए प्रेरित करे।

जैन सोशल ग्रुप मेट्रो का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

भोपाल। संजीव जैन बने अध्यक्ष भोपाल शिक्षा पर्यावरण चिकित्सा के क्षेत्र में सेवा भाव से कार्य कर रहे हैं। जैन सोशल ग्रुप भोपाल मेट्रो का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ कलियासोत डैम स्थित जल एवं भूमि संस्थान परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चेंबर आफ़ कॉमर्स के अध्यक्ष तेज कुल पाल सिंह मंडी अध्यक्ष हरीश ज्ञान चंददानी सोशल ग्रुप के रीजन अध्यक्ष अभिषेक सेठिया समाज के पूर्व अध्यक्ष प्रमोद हिमांशु ग्रूप के राष्ट्रीय पदाधिकारि अमर जैन के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। मेट्रो ग्रुप के नवनिर्वाचित संचालक मंडल के अध्यक्ष संजीव जैन अध्यक्ष, आनंद डोसी को उपाध्यक्ष, राजीव जैन को सचिव, अभिषेक जैन एवं अभय बोथरा को सह सचिव, प्रफुल्ल जैन को कोषाध्यक्ष एवं हेमेंद्र स्वप्निल कोठारी, अमित जैन, अभिषेक तारण, अंकुर बजाज, अरुण जैन और ज्योति जैन को कार्यकारिणी सदस्य के रूप मे कार्या करने की शपथ ली। ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष शरद सेठी ने संचालन किया निवर्तमान अध्यक्ष अजयराज जैन ने विगत अपनी अध्यक्षता के दो कार्यकालों के अनुभव शेयर किए नव नियुक्त अध्यक्ष संजीव जैन ने अध्यक्ष के रूप में अपने उज्ज्वल कार्यकाल की प्रत्याशा में उत्कृष्ट कार्य करने की भावना भाई।

उल्लेखनीय है कि भोपाल मेट्रो ग्रुप की गतिविधियों के कारण अनवरत नवसदस्यता की श्रृंखला में आज भी 21 नवदम्पति सदस्यों ने इस ग्रुप की

एलएनसीटी वर्ल्ड स्कूल में सीबीएसई नेशनल फुटबॉल गर्ल्स प्रतियोगिता का शुभारंभ

भोपाल। एलएनसीटी वर्ल्ड स्कूल भोपाल द्वारा आयोजित सीबीएसई नेशनल फुटबॉल गर्ल्स अंडर-19 प्रतियोगिता का उद्घाटन भोपाल शहर के न्यू चोकसे नगर लंबाखेड़ा स्थित एलएनसीटी वर्ल्ड स्कूल में किया गय। प्रतियोगिता का उद्घाटन स्पोर्ट्स प्रमोटर ग्रुप के चेयरमैन अरुणेश्वर शरण सिंह देव, एलएनसीटी ग्रुप के चेयरमैन जय नारायण चौकसे, मध्य प्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन के उपाध्यक्ष राकेश शर्मा एलएनसीटी वर्ल्ड स्कूल की डायरेक्टर पूजा चोकसे एवं स्कूल प्राचार्य चैतन्य सक्सेना द्वारा किया गया। एलएनसीटी वर्ल्ड स्कूल के छात्र छात्राओं द्वारा उद्घाटन समारोह में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। उद्घाटन समारोह के पश्चात प्रतियोगिता का पहला मुकाबला खेला। आर्मी पब्लिक स्कूल लखनऊ और नवरचना स्कूल गुजरात के बीच खेला गया संघर्ष पूर्ण इस मुकाबले में दोनों ही टीमों को एक एक गोल से संतोष करना पड़ा। दिन का दूसरा मुकाबला स्टेप बाय स्टेप स्कूल नोएडा एवं मिलेनियम नेशनल स्कूल महाराष्ट्र के बीच खेला गया जिसमें स्टेप बाय स्टेप स्कूल नोएडा ने मिलेनियम नेशनल स्कूल को 5-0 से हराया।

दिन का तीसरा मुकाबला विद्या देवी जिंदल स्कूल हरियाणा एवं सीएस अकैडमी के बीच खेला गया। जिसमें विद्या देवी जिंदल स्कूल ने सीएस अकैडमी तेलंगाना को 3 -0 से हराया। दिन का चौथा मुकाबला एनएच गोयल वर्ल्ड स्कूल रायपुर एवं झारखंड पब्लिक स्कूल रांची के बीच खेला गया इस मुकाबले में दोनों ही टीमों को बिना किसी गोल से संतोष करना पड़ा और यह मुकाबला 0-0 के स्कोर पर समाप्ति हुआ। दिन का पांचवा मुकाबला एलप्रो इंटरनेशनल स्कूल एवं समर विला स्कूल दिल्ली

मालीखेडी आवासीय परियोजना क्षेत्र में संजीवनी क्लीनिक के कार्य प्रारंभ किए जाएं : निगमायुक्त

मालीखेड़ी व भौरी आवासीय परियोजना स्थलों का निरीक्षण कर दिए निर्देश

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

निगम आयुक्त ने मालीखेड़ी एवं भौरी में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवासीय परियोजनाओं में प्रचलित कार्यों व प्रस्तावित स्थलों का निरीक्षण किया और मालीखेड़ी में पूर्व से निर्मित आवासों में विद्युत, पेयजल, डेऊनेज आदि सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं को शीघ्रता से सुनिश्चित कराने, मालीखेड़ी परियोजना क्षेत्र में रिक्त भूमि पर संजीवनी क्लीनिक बनाने हेतु कार्यवाही शीघ्रता से करने, खुली भूमि पर ई.डब्ल्यू.एस, 2 बी.एच.के. आवास निर्माण हेतु योजना बनाने के निर्देश दिए।

निगम आयुक्त के.वी.एस.चौधरी ने मंगलवार को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत मालीखेड़ी आवासीय परियोजना का निरीक्षण किया और प्रचलित एवं प्रस्तावित कार्यों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की। निगम आयुक्त श्री चौधरी ने मालीखेड़ी परियोजना क्षेत्र में निर्माणाधीन सड़क एवं नाली के कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण करने, खुली भूमि पर संजीवनी क्लीनिक बनाने संबंधी कार्यवाही करने, निर्माणाधीन ई.डब्ल्यू.एस आवासों के पास जी3 फार्मेट में ई.डब्ल्यू.एस. आवास के 02 और ब्लॉक बनाने की कार्य योजना शीघ्रता तैयार करने, सुरक्षा के दृष्टिगत बाउंड्रीवॉल बनाने, खुली भूमि पर दुकानों के निर्माण संबंधी कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त श्री चौधरी ने मालीखेड़ी में पूर्व से निर्मित आवासों में विद्युत, पेयजल, डेऊनेज सहित अन्य सुविधाएं शीघ्रता से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त श्री चौधरी ने भौरी में प्रस्तावित आवासीय परियोजना स्थल का निरीक्षण किया और परियोजना के कार्य शीघ्रता से प्रारंभ करने, राष्ट्रीय पर्यावरणीय स्वास्थ्य अनुसंधान संस्थान के पास खुली भूमि पर आवास निर्माण की कार्य योजना बनाने, भौरी परियोजना अंतर्गत प्रस्तावित एल.आई.जी और ई.डब्ल्यूस.एस आवासों की कार्य योजना शीघ्रता से पूर्ण कर आवास निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करने, भौरी आवासीय परियोजना क्षेत्र की भूमि का सीमांकन कराने तथा पेयजल, सड़क सहित अन्य अधोसंरचना विकास कार्यों को भी शीघ्रता से मूर्तरूप देने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त चन्द्र प्रताप गोहल, अधीक्षण यंत्री आर.के.सक्सेना सहित निगम के अन्य अधिकारी मौजूद थे।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर निलंबन और वेतन वृद्धि रोकने कार्यवाही

समाधान ऑनलाइन में आए प्रकरणों का हुआ निराकरण

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने समाधान ऑनलाइन के अंतर्गत प्रदेश के विभिन्न नागरिकों की लंबित समस्याओं का समाधान करवाया और अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री चौहान ने मंगलवार को मंत्रालय में समाधान ऑनलाइन में प्रस्तुत प्रकरणों में आम जनता के कार्यों में विलंब के दोषी दो शासकीय सेवकों के निलंबन और तीन शासकीय सेवकों की वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए। समाधान ऑनलाइन के अंतर्गत प्रकरणों के निराकरण के बाद आज सीएम हेल्पलाइन को प्राप्त होने वाली शिकायतों और निराकरण की कार्यवाही की भी समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री चौहान श्रेष्ठ प्रदर्शन वाले जिलों को बधाई देते हुए अन्य जिलों को भी नागरिकों की समस्याओं के तत्काल निराकरण के निर्देश दिए। आज विभागों के प्रदर्शन की भी समीक्षा की गई। उच्च प्रदर्शन वाले 5 विभागों में सामाजिक न्याय ऊर्जा, गृह , परिवहन और पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग शामिल हैं। मुख्यमंत्री चौहान ने अन्य विभागों से भी जनसमस्याओं को जल्दी हल करने की अपेक्षा की।

रैंकिंग में बेस्ट जिले: जिन 10 जिलों को बेस्ट परफारमेंस के लिए की गई रैंकिंग में उच्च स्थान मिला है उनमें जबलपुर, छिंदवाड़ा, सीहोर, सिवनी, छतरपुर, अलीराजपुर, शाजापुर, रतलाम, बुरहानपुर और हरदा जिले शामिल हैं। मुख्यमंत्री चौहान ने इन जिलों के कलेक्टर्स और अन्य अधिकारियों को अच्छे कार्य निष्पादन के लिए बधाई दी। प्रदेश में सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों में तत्परता पूर्वक कार्यवाही कर श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले तीन अधिकारियों सुप्रियंका अग्रवाल झाबुआ, आर के गोयल, बुरहानपुर और रविशंकर द्विवेदी, अशोक नगर को मुख्यमंत्री चौहान ने बधाई दी। मुख्यमंत्री चौहान ने ग्राम पंचायत, पिपरिया जिला अशोक नगर के आवेदक श्यामलाल पंथी के प्रकरण के बारे में कहा कि इस तरह के प्रकरणों के लिए ऐसी व्यवस्था बनाकर लागू करें ताकि हितग्राही को योजना का लाभ समय पर प्राप्त हो। प्रकरण को अनावश्यक रूप से लंबित रखने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों के विरुद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करें।

एक हितग्राही की शिकायत आई और 723 हितग्राहियों को मिल गई विवाह सहायता की राशि: मुख्यमंत्री चौहान ने बालाघाट जिले के लक्ष्मण प्रसाद के प्रकरण में निर्देश दिए कि श्रम

विभाग एवं पंचायत ग्रामीण विकास विभाग परस्पर समन्वय कर इस तरह के सभी लंबित प्रकरणों का तत्काल निराकरण सुनिश्चित कर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही करें। इस प्रकरण में अवगत कराया गया कि लक्ष्मीबाई कटरे ने 27 जुलाई 2021 को विवाह के लिए लोक सेवा केंद्र में विवाह सहायता राशि के लिए आवेदन किया था लेकिन आज तक राशि प्राप्त नहीं हुई है। इस प्रकारण में तत्काल पंचायत समन्वय अधिकारी के विरूद्ध एक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकी गई । शिकायतकर्ता के प्रकरण में निराकरण के साथ ही 723 अन्य हितग्राहियों को भी विवाह सहायता की राशि मिल गई। यह प्रकरण कुछ समय से लंबित थे। मुख्यमंत्री चौहान ने प्रकरणों में विलंब पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए श्रम विभाग द्वारा अभियान चलाकर इस तरह के लंबित प्रकरण तत्काल हल करने के निर्देश दिए। उन्होंने कर्मकार मंडल को ऐसे मामलों की समीक्षा के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री चौहान को ग्राम पंचायत, पिपरिया जिला अशोक नगर के आवेदक श्यामलाल पंथी ने बताया कि हितग्राही श्रीमती सोनम पंथी की प्रसूति 12 अक्टूबर, 2021 को सिविल अस्पताल में हुई थी, लेकिन अभी तक प्रसूति सहायता योजना का लाभ प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदक पंथी के प्रकरण में कार्य में लापरवाही करने वाले विकास खण्ड चिकित्सा अधिकारी और प्रभारी विकास खण्ड कार्यक्रम प्रबंधक की एक वेतन वृद्धि रोके जाने के निर्देश दिए गए।

एनवीडीए और जल संसाधन विभाग में सभी प्रमुख पद रिक्त



भोपाल। एनवीडीए में छह माह से अधिक समय हो गया प्रमुख अभियंता स्तर का पद मेम्बर इन चीफ पद खाली है। इस पद पर अधीक्षण यंत्री पीके शर्मा को पदस्थ किया गया था, जबकि उनकी वरिष्ठता नहीं थी। पीके शर्मा भी 31 को रिटायर हो चुके हैं, अब फिर से पद खाली है।

जिन अभियंताओं की सेवा 15-20 साल तक हो चुकी है, उन अधीक्षण यंत्रियों को पदोन्नत नहीं किया गया और न ही मेम्बर इन चीफ का प्रभार नहीं दिया गया। अधीक्षण यंत्री से दो पद ऊपर होता है मेम्बर इन चीफ। मुख्य तकनीकी परीक्षक सुनैया भी सेवा निवृत्त हो चुके हैं, लेकिन यह पद भी खाली पड़ा हुआ है। यहां उल्लेखनीय है कि नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण में कई बड़ी योजनाएं चल रही हैं, लेकिन वरिष्ठ अधिकारियों की कमी के कारण कार्य प्रभावित हो रहा है।

जल संसाधन विभाग में भी मुख्य अभियंता नहीं

प्रधानमंत्री सिंचाई योजना में सहयोगी और नहरों का जाल बिछाने के लिए जिम्मेदार जल संसाधन विभाग भी वरिष्ठ अधिकारियों की कमी से जूझ रहा है। इस विभाग में चीफ इंजीनियर यानि मुख्य अभियंता के 17 पद हैं और सभी पद खाली हैं। इंदौर, सिवनी, रीवा, चंबल, बोधी, भोपाल सहित सभी जोन में मुख्य अभियंता नहीं हैं। यहां अधीक्षण यंत्रियों को पदोन्नत कर काम चलाया जा रहा है। अधीक्षण यंत्रियों की संख्या भी कम हो गई है। आरक्षित वर्ग के अधिकारियों तक को यहां पदोन्नति नहीं दी जा रही है। 17-17 साल से अधिकारी पदोन्नति की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

नव वर्ष का आगाज होगा बुन्देली समारोह से

भोपाल। अखिल भारतीय बुंदेलखण्ड साहित्य एवं संस्कृति परिषद के तत्वावधान में राजा राम के तीर्थ ओरछा में बुन्देली के राष्ट्रीय सम्मेलन ओरछा-2023 से नव वर्ष का शुभारम्भ भव्य समारोहों से होगा। साहित्य सम्मेलन में पहली बार छत्रसाल महान पर रचित ऐतिहासिक खण्ड काव्य ख्यात कवि पद्म कैलाश मडबैया, की सद्य: प्रकाशित कृति बुन्देलखण्ड का सूरज का लोकार्पण 7 जनवरी को खास विद्वान राज अतिथियों द्वारा किया जायेगा। इसी के साथ बुन्देली के भविष्य बचावे के लिये योगदान विषयक बुन्देली निबंध पाठों का सत्र शुरु होगा। पोथी की बुंदेली समीक्षायें और रात्रि में 'अखिल भारतीय बुंदेली कवि सम्मेलन और दूसरे दिन 8 जनवरी को बुंदेली मानकीकरण व बुंदेली व्यकरण के सत्र और जिला इकाइयन की रपटें व बुंदेली सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि होंगें। रजिस्ट्रेान केवल उन्ही साहित्यकारों के हो सकेंगे। जिनके बुंदेली निबंध, बुंदेलखण्ड परिषद मुख्यालय-मड़बैया साहित्य सदन, 75चित्रगुप्त नगर, कोटरा, भोपाल 462003 के पते पर तक पहुंच जायेगे।

भोजपाल महोत्सव में युवती के साथ अश्लील हरकत करने वाले आरोपी की जमानत निरस्त

भोपाल। न्यायालय चेतना दीक्षित न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी ने भोजपाल महोत्सव में युवती के साथ अश्लील हरकत करने वाले आरोपी दानिश पुत्र आशिफ खान उम्र 27 वर्ष निवासी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, ऐशबाग स्टेडियम की जमानत निरस्त कर उसे जेल भेज दिया। मामले में शासन की और से पैरवी मनोज त्रिपाठी एडीपीओ द्वारा किया गया। मामला इस प्रकार है कि भोजपाल महोत्सव के आखिरी दिन नव वर्ष की रात 10 बजे जब युवती अपने परिजनों के साथ टैटू की शॉप पर खड़ी थी,तभी वहां आरोपी पीछे से आकर पीड़िता को टच करने लगा। जब युवती डरकर चिल्लाई तो आरोपी उसे धक्का देख कर भागने लगा। तब उसका आधार कार्ड गिर गया,जिससे उसकी पहचान हो सकी, तत्पश्चात गोविन्दपुरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गयी थी।

निधन पर शोक व्यक्त

भोपाल। जैन समाज श्रेष्ठी मगनलाल जैन आम्रपाली के पुत्र राजेन्द्र आम्रपाली का निधन हो गया। उनकी शवयात्रा निज निवास लाल घाटी जैन नगर से दोपहर 1 बजे छोला विश्राम घाट पहुंचेगी। उनके निधान पर श्री दिगंबर जैन चन्द्रप्रभ मंदिर कमेटी, मंगलवारा जैन समाज, आदित्य मनया, अमिताभ मनया, जैन कल्पतरु सहित समाज जनों ने शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

31 जनवरी तक आयोजित करें नगर गौरव दिवस

भोपाल। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह ने नगरीय निकायों के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि 31 जनवरी 2023 तक सभी नगरीय निकायों में गौरव दिवस का आयोजन अनिवार्य रूप से कर लें। श्री सिंह ने कहा है कि शासन की मंशानुरूप गौरव दिवस में नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करें। गौरतलब है कि अभी तक 288 नगरीय निकायों में गौरव दिवस आयोजित हो चुके है। शेष 125 नगरीय निकायों में 31 जनवरी तक गौरव दिवस आयोजित होना है।

आवासहीनों को भूमि का मालिक बनायेगी प्रदेश सरकार: गोविंद सिंह राजपूत

टीकमगढ़ से आज होगा मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार योजना का शुभारंभ

10 हजार से ज्यादा लोगों को आज वितरित किया जाएगा भूमिस्वामी अधिकार पत्र

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

प्रदेश की जनता के सर्वांगीण विकास में जुटी राज्य की शिवराज सिंह चौहान सरकार नये साल में आवासहीनों हो एक बड़ा तोहफा देने जा रही है। जिसका शुभारंभ मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 4 जनवरी को टीकमगढ़ से करेंगे। इस योजना के तहत 2023 तक सभी आवासहीनों को उनके खुद के घर का सपना सरकार साकार करेगी।

उक्त जानकारी देते हुए प्रदेश के राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री चौहान ने ऐसे लोगों को भी भू-खण्ड उपलब्ध कराने का बीड़ा उठाया है जिनके पास खुद का आवास नहीं है। ऐसे आवासहीनों को मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार योजना के तहत भू-खण्ड का पट्टा प्रदान किया जायेगा । राजस्व मंत्री श्री राजपूत ने बताया कि राजस्व विभाग द्वारा पूरे मध्यप्रदेश में आज की स्थिति में 87 हजार 603 भूमिस्वामी अधिकार पत्र तैयार कर लिए गए हैं। जबकि पूरे प्रदेश में 1 लाख 28 हजार 160 पात्र परिवार चिन्हित किये गए हैं। श्री राजपूत ने बताया कि टीकमगढ़ जिले में 10 हजार 878 भूमिस्वामी अधिकार पत्र तैयार किये गए हैं जबकि कुल 11 हजार 137 पात्र परिवार चिन्हित किये गए हैं। श्री राजपूत ने बताया कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा था कि जब वह टीकमगढ़ गये थे तो वहां पर लोगों ने जानकारी दी थी कि रहने के लिए आवास नहीं है, तब मुख्यमंत्री जी ने तय किया था कि प्रदेश में जिनके पास रहने के लिए आवासीय भू-खण्ड नहीं है, उन जरूरतमंदो को भू-खण्ड उपलब्ध कराने का कार्य प्रदेश की सरकार करेगी । श्री राजपूत ने बताया कि मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार योजना के तहत प्रदेश में अब कोई बिना आवास के नहीं रहेगा।

यह होंगे इस योजना के पात्र : राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया कि इस योजना के तहत वह आवेदक परिवार पात्र होंगे जिनके पास रहने के लिए स्वतंत्र रूप से आवास नहीं है । साथ ही आवेदक परिवार के पास 5 एकड़ से कम भूमि होनी चाहिए । इसके अलावा आवेदक परिवार के पास सार्वजनिक वितरण प्रणाली के लिये पात्रता पर्ची होनी चाहिए । इसके अतिरिक्त परिवार का कोई भी सदस्य आयकरदाता न हो एवं न ही कोई सदस्य शासकीय सेवा में होना चाहिए । इसके साथ ही आवेदक का नाम उस ग्राम में जहां वह आवासीय भू-खण्ड चाहता है, वहां 1 जनवरी, 2021 तक की मतदाता सूची में दर्ज हो।

सारा पोर्टल के तहत लिए गए थे आवेदन : राजस्व मंत्री श्री राजपूत ने बताया कि इस योजना में पात्र आवेदकों के लिए आवासीय पट्टा वितरण की पूरी प्रक्रिया ऑनलाईन माध्यम से की गई है । जिसमें सारा पोर्टल के माध्यम से 30 सितम्बर 2022 तक राजस्व विभाग के द्वारा प्राप्त आवेदनों पर कार्रवाई करते हुए पूरे प्रदेश में कुल 1 लाख 28 हजार 160 पात्र परिवार चिन्हित किये गए हैं जिनकों आवासीय भू-खण्ड प्रदान करने की शुरूआत आज मुख्यमंत्री द्वारा की जा रही है ।

डायरी और कलेंडर का किया विमोचन

भोपाल। राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने मंगलवार को अपने निवास पर शासकीय केंद्रीय मुद्रणालय द्वारा प्रकाशित डायरी और कलेंडर वर्ष 2023 का विमोचन किया। इस अवसर पर शासकीय केंद्रीय मुद्रणालय के नियंत्रक चन्द्रशेखर बालिम्बे सहित समस्त स्टॉफ मौजूद था।

भारतीय खोज के कारण आज दुनिया उन्नति कर रही है: यादव

भोपाल। उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भारत युवाओं का देश है। युवाओं के सम्पूर्ण विकास और उनकी व्यापक सहभागिता के लिये राज्य शासन ने मध्यप्रदेश युवा नीति बनाने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की मंशा है कि युवा नीति युवाओं के सुझाव से ही बने। उच्च शिक्षा मंत्री मंगलवार को बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में मध्यप्रदेश युवा नीति के संदर्भ में युवा संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

मंत्री डॉ. यादव ने विभिन्न ऐतिहासिक उदाहरण देकर भारत की परम्परा और संस्कृति को सुदृढ़ बताते हुए कहा कि भारतीय खोज के कारण आज दुनिया उन्नति कर रही है। उन्होंने कहा कि 'शून्य''और 'दशमलव' भारत की खोज है। इनके बगैर किसी भी चीज की गणना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि युवा नीति के लिये हर स्तर पर विचार मंथन किया जा रहा है। मध्यप्रदेश युवा नीति को स्वामी विवेकानंद जयंती 12 जनवरी को सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में लागू किया जायेगा। उन्होंने कहाकि युवा नीति नई पीढ़ी के समग्र विकास के लिये महत्वपूर्ण सिद्ध होगी।

उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. यादव ने युवाओं से सीधा संवाद कर युवा नीति के लिये सुझाव माँगे। उन्होंने युवाओं से युवा नीति के संबंध में कार्य क्षेत्र में युवाओं की भूमिका, स्वास्थ्य, संस्कृति, नेतृत्व क्षमता, रोजगार, उद्देश्य पर आवश्यक सुझाव संबंधी संवाद किया। मंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नई तकनीक को नजरअंदाज नहीं करें। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में हर क्षेत्र में आधुनिक तकनीक को अपना कर आगे बढ़ना आवश्यक है।

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एस.के. जैन ने कहा कि मध्यप्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप बरकतउल्ला विश्वविद्यालय लगातार विभिन्न विभागों में छात्रों से विचार-विमर्श, चर्चाओं और सुझाव पेटियों के माध्यम से युवा नीति में किन विषयों एवं मुद्दों को शामिल किया जाये पर सुझाव प्राप्त कर रहा है। इस अवसर पर भोपाल के विभिन्न कॉलेजों के विद्यार्थी, एनएसएस के विद्यार्थी उपस्थित थे।

भाजपा पहले अपने नेताओं की करतूतें देखे: संगीता शर्मा

भोपाल। मध्यप्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग की उपाध्यक्ष संगीता शर्मा ने कहा है कि चाल- चरित्र और चेहरे की बात करने वाली भारतीय जनता पार्टी सबसे पहले अपने माधप्रदेश के भाजपा के नेताओं को देखें कि किस तरह से बैतूल के अंदर भाजपा नेता रमेश गुल्हने ने एक मासूम बच्ची की जो कि 14 वर्ष की थी उसके साथ दुष्कर्म किया और फरार हो गया। दूसरी तरफ सागर में भाजपा नेता मिश्री चंद्र गुप्ता के द्वारा चुनावी रंजिश को लेकर एक युवक की कार से कुचलकर हत्या कर दी इस सोच और इस विचारधारा के साथ यदि भाजपा के नेता इस तरह के दुष्कर्म करेंगे हत्याएं करेंगे तो मुझे नहीं लगता है कि मध्यप्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार को ज्यादा दिन रहना चाहिए । मैं मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जी से पूछना चाहती हूं कि इन भाजपा नेताओं के घर बुलडोजर चलेगा? कब इन मासूम बच्चियों को न्याय मिलेगा? और कब हमारे मध्यप्रदेश की बेटियां सुरक्षित होंगी?

गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचेंगे अरेरा कॉलोनी गरुद्वारा

भोपाल। गुरु गोविंद सिंह जी का प्रकाश पर्व देशभर में एवं राजधानी भोपाल में गुरुद्वारा अरेरा कॉलोनी में 5 जनवरी को सुबह 6 बजे से लेकर दोपहर 1 बजे तक एवं 5 जनवरी को ही रात का दीवान शाम 6 बजे से रात 10 बजे तक मनाया जाएगा। गुरुद्वारा कॉलोनी में श्रद्धा भक्ति एवं हर्षोल्लास के साथ में मनाया जा रहा है। हजारों श्रद्धालु श्री गुरु ग्रंथ साहब के चरणो में माथा टेक कर अपनी श्रद्धा के फूल उनको अर्पित करेंगे। समाजसेवी गुरुचरण सिंह अरोरा ने बताया कि इस अवसर पर पंथ के महान रागी जत्था भाई दलजीत सिंह जी लुधियाना पंजाब एवं कथा वाचक, प्रवचन भाई परगट सिंह जी मोगा पंजाब एवं हजूरी रागी जत्था भाई भूपेंद्र सिंह जी कीर्तन, प्रवचन, सत्संग के द्वारा संगत को गुरु चरणों से जोड़ेंगे एवं गुरुद्वारा अरेरा कॉलोनी के ग्रंथि समूह संगत के लिए अरदास करेंगे इस अवसर पर गुरु का अटूट लंगर बाटा जाएगा।

गुरुद्वारा आनंद नगर से नगर कीर्तन निकाला

श्री गुरु गोविंद सिंह का प्रकाश पर्व के उपलक्ष में 3 जनवरी को गुरुद्वारा आनंद नगर से नगर कीर्तन चल समारोह निकाला गया पांच प्यारों की अगुवाई में रथ पर सवार श्री गुरु ग्रंथ साहब का गुरुद्वारा ट्रांसपोर्ट नगर गुरुद्वारा पिपलानी गुरुद्वारा करमवीर नगर गुरुद्वारा पंजाबी बाग गुरुद्वारा बाबा जोगा सिंह गुरुद्वारा दशमेश नगर गुरुद्वारा गुरु नानक पुरा गुरुद्वारा माता साहिब कौर गुरुद्वारा अरेरा कॉलोनी गुरुद्वारा साकेत नगर आदि की संगत ने जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया

एम्स में सावित्रीबाई फुले की जयंती पर रोगी देखभाल सहायता सेवा कार्यक्रम आयोजित

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

क्रांति ज्योति सावित्रीबाई फुले की जयंती पर, एम्स, भोपाल में उनकी विरासत और रोगी देखभाल सेवा पर एक स्मरणीय कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस दौरान प्रो. (डॉ.) अजय सिंह, कार्यपालक निदेशक और सीईओ, एम्स, भोपाल द्वारा संस्थान में एक आर्ट गैलरी का उद्घाटन किया गया।

जिसमें समाज में सावित्रीबाई फुले की करुणापूर्ण सेवाओं को संस्थान के नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं द्वारा निर्मित पेंटिंग के जरिए प्रदर्शित किया गया। उन्होंने कहा कि करुणा और सहानुभूति स्वास्थ्य पेशेवरों का व्यावहारिक आचरण है, इससे रोगी की संतुष्टि में वृद्धि होती है। डॉ. अमित अग्रवाल, डीन (नर्सिंग) और डॉ. सैकत दास, एसोसिएट डीन (नर्सिंग) ने अस्पताल सेवा में करूणापूर्ण देखभाल में सुधार के लिए नर्सिंग कॉलेज द्वारा किए जा रहे विभिन्न शैक्षणिक और अनुसंधान संबंधी कार्यों का उल्लेख किया। एम्स, भोपाल में रोगी देखभाल केंद्र के स्तर पर करुणा और सहानुभूति में वृद्धि के लिए कारुण्य नामक एक पहल शुरू की जाएगी । इसमें स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों को करूणापूर्ण देखभाल पर प्रशिक्षण सहित शिक्षा और अनुसंधान शामिल है । इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक, चिकित्सा अधीक्षक एवं उप निदेशक (प्रशासन) ने डॉ. ममता वर्मा प्राचार्या, नर्सिंग कॉलेज द्वारा लिखित एप्लाइड सोशियोलॉजी नामक पुस्तक का विमोचन किया । (डॉ.) अजय सिंह ने इस अवसर पर घोषणा की कि एम्स, भोपाल में भारतीय महिलाओं एवं महिला सशक्तिकरण पर समाज में महत्वपूर्ण योगदान देने वाली प्रसिद्ध समाज सुधारकों की स्थायी गैलरी स्थापित की जाएगी।

डॉ. सुनील कुमार एम्स में विजिटिंग फैकल्टी के रूप में सेवाएं देंगे

मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. सुनील कुमार अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान भोपाल में मेडिकल ऑन्कोलॉजी विभाग में शामिल हो गए हैं। उन्होंने विजिटिंग फैकल्टी के रूप में संस्थान में प्रवेश लिया है। डॉ. सुनील कुमार एम्स में मंगलवार से

स म्पा द की य

इस क्रूरता का कुछ तो निदान हो

पूरे देश को झकझोर देने वाली दिल्ली के सुल्तानपुरी हादसे के दौरान कार में फंसी अंजलि दर्द से चीखती रही, मगर पांचों दरिंदे गाड़ी दौड़ाते रहे। आरोपियों को पता था कि उन्होंने स्कूटी सवार अंजलि को टक्कर मारी थी। उन्हें यह भी पता था कि कार में युवती फंसी थी और उसे गिराने के लिए जानबूझकर दो बार यू-टर्न लिया और उसके गिरते ही फरार हो गए। वहीं, दिल्ली के आदर्श नगर में दोस्ती तोड़ने पर युवक ने युवती को चाकू से गोद डाला। पीड़िता के गले, पेट और हाथ पर जख्म हो गए हैं। पीड़िता को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कुछ समय पहले ही श्रद्धा मर्डर केस सामने आया, जिसमें हत्यारे आफताब ने उसके 36 टुकड़े किए। झारखंड की रेबिका को पति ने 50 टुकड़ों में काटकर फेंका। लखनऊ में भाई ने छोटी बहन की हत्या कर उसे घर में ही दफना दिया। इन सभी हाल की घटनाओं में एक बात कॉमन है-विक्टिम महिलाएं थीं और आरोपी पुरुष। कहीं आरोपी करीबी रिश्तेदार तो कहीं अनजान व्यक्ति था।

पुरुषों की इस सोच के लिए अंग्रेजी में एक शब्द सामने आया है- 'फेमिसाइड'। 'फेमिसाइड' का सीधा-सा मतलब है- महिलाओं की उनके जेंडर की वजह से हत्या। इन दिनों लैटिन अमेरिकी देश मेक्सिको में भी यह शब्द काफी चर्चा में है। कारण वहां पिछले कुछ महीनों में एक हजार से ज्यादा महिलाओं की हत्या हुई। ज्यादातर मामले में हत्यारे उस महिला को जानते तक नहीं थे, लेकिन दावा किया जा रहा है कि सिर्फ जेंडर की वजह से उन्होंने ये हत्याएं कीं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के एक आंकड़े के मुताबिक दुनिया भर में महिलाओं की जितनी हत्याएं होती हैं, उनमें से 35 प्रतिशत हत्याएं इंटिमेट पार्टनर यानी बॉयफ्रेंड, पति या एक्स करते हैं। ऐसे उदाहरण एसिड फेंककर या चाकू-गोली मारकर गर्लफ्रेंड या एक्स गर्लफ्रेंड की जान ले लेना। इसके अलावा यूनाइटेड नेशन पॉपुलेशन फंड के आंकड़ों के मुताबिक दुनिया भर में हर साल 5000 से ज्यादा लड़कियां ऑनर फेमिसाइड का शिकार होती हैं। वहीं नॉन इंटिमेट फेमिसाइड मामलों में महिला या लड़की के हत्यारे उसके जानने वाले नहीं होते। वो बस जेंडर देखकर हत्या कर देते हैं। मेक्सिको में हर साल औसतन 1000 से ज्यादा महिलाओं की ऐसी हत्याएं होती हैं।

कहीं ये रोग हमारे देश में तो नहीं फैल रहा है। वैसे देखा जाए तो पूरी दुनिया में ही सामाजिक तानाबाना बुरी तरह से बिखर रहा है। परिवार टूट रहे हैं। जातिगत, सांप्रदायिक भावनाएं एकदम भड़कने लगी हैं। शुरुआत परिवार से ही होती है। बचपन से हम जो कुछ देखते हैं, उनमें से क्या बात हमारे दिमाग में घर कर जाए, कहा नहीं जा सकता। किसी के साथ कुछ गलत हुआ, वो भी हो सकता है कि आगे चलकर उसका विकृत रूप सामने आए। यह भी हो सकता है कि उसकी कोई सकारात्मक सोच उस विकृति को दूर करने में सहायक हो जाए।

लेकिन भौतिकता के इस दौर में सकारात्मकता पर नकारात्मक ऊर्जा भारी पड़ती दिख रही है। परिवार नाम की इकाई ही समाज का निर्माण करती है। आज के दौर में परिवारों के बिखरने के कई कारण हैं। सबसे बड़ा कारण है जनसंख्या वृद्धि। फिर एक-दूसरे के आगे बढ़ने की होड़। हमारी सोच और परंपराओं पर राजनीतिक और सामाजिक बुराइयां भारी पड़ने लगी हैं। केवल मोबाइल या टीवी को ही जिम्मेदार ठहराना ठीक नहीं। जो लोग मोबाइल पर नेट या टीवी के सीरियल नहीं देखते, वो भी मानसिक तौर पर हिंसक हो जाते हैं। महिलाओं के मामले की जहां तक बात है, तो हर दूसरे-तीसरे दिन प्रेम प्रसंग को लेकर घटनाएं सामने आ रही हैं। इससे हटकर जरा सी बात पर लोग हत्या करने लगे हैं, इसे कौन की मानसिकता कहेंगे? कहीं न कहीं हमारे पास जो सहनशीलता और संवेदनशीलता का खजाना है, वो कम होता जा रहा है।

सोचने-समझने की शक्ति जब खत्म होने लगती है, अक्सर तभी लोग कोई भी हिंसक कदम उठा लेते हैं। मनोवैज्ञानिक कहते हैं, यह हमारे खानपान से लेकर हमारी पूरी जीवनचर्या के कारण हो रहा है। कहीं जातिवाद एकदम चरम पर है तो कहीं जातियां तोड़कर शादियां हो रहीं हैं। और संप्रदायवाद की बात करें तो पूरी दुनिया में आतंकवाद रुकने के बजाय और बढ़ता जा रहा है, यह पूरी तरहे से सांप्रदायिक भावनाओं का चरम पर पहुंचने के कारण है। केवल अनपढ़ लोग ऐसा कर रहे हैं या केवल पढ़े लिखे, ऐसा कुछ भी नहीं है। कोई कहता है कि सीरियल देखकर हत्या की, तो कई मामलों में हत्या के आरोपियों का सीरियल या मोबाइल पर नेट से वास्ता ही नहीं होता। फिर भी, कुछ तो करना ही होगा। क्या हम इसी तरह से निर्मम हत्याएं होते देखते रहेंगे? क्या समाज की कोई जिम्मेदारी नहीं बनती? क्या किसी जाति या संप्रदाय पर आरोप थोपकर अपनी जिम्मेदारियों से बचा जा सकता है? राजनीति को एक तरफ रखकर हमें सोचना होगा।

राजनीति में भ्रष्टाचार, क्या 2023 में हो सकता है सुधार?

सरयूसुत मिश्र

जिस कोने पर नजर दौड़ाई जाए हर तरफ भ्रष्टाचार के आरोप हैं। भ्रष्टाचार की शिकायतें हैं। भ्रष्टाचार और घोटालों पर राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप ऐसा आभास देते हैं कि जैसे भ्रष्टाचार के अलावा कुछ भी वास्तव में हो ही नहीं रहा है। यदि भ्रष्टाचार की बात होती है तो ये विवाद चालू हो जाता है कि राजनीति में ज्यादा भ्रष्टाचारहै या ब्यूरोक्रेसी में?

लोकतंत्र में राजनीति शासन प्रणाली का लीडर है। ब्यूरोक्रेसी का संचालन, नियंत्रण राजनीति का दायित्व है। जहां भी ईमानदार राजनेता राजनीति का नेतृत्व करते हैं वहां भ्रष्टाचार के मामले अपने आप नियंत्रित हो जाते हैं। भारत सरकार के स्तर पर भ्रष्टाचार मुक्त गवर्नेंस का वर्तमान मॉडल ईमानदार लीडर का ही परिणाम माना जाता है। राजनीति की वर्णमाला एक ही है। यह लीडर पर निर्भर करता है कि उसी वर्णमाला से गीत निर्मित कर ले या गाली।

राजनीति के अनुभव व्यक्तियों के हिसाब से बदल जाते हैं। नरेंद्र मोदी ने देश में भ्रष्टाचार मुक्त शासन का विश्वास पैदा करने में सफलता प्राप्त की है। भारत में 33 करोड़ देवी-देवता की मान्यता है। राजनीति में जनप्रतिनिधि देवताओं की भी कमी नहीं है। देवता इसलिए कहना उचित है क्योंकि पंच को परमेश्वर माना जाता है। राजनीति क्षेत्र में भ्रष्टाचार की बढ़ती घटनाओं ने राजनीतिक व्यवस्था पर लोगों के विश्वास को कम किया है।

पश्चिम बंगाल में पूर्व मंत्री के संरक्षण में 50 करोड़ से ज्यादा की नकदी जांच में निकलना राजनीतिक भ्रष्टाचार के चेहरे को उजागर करती है। विभिन्न राज्यों में भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक होना भी भ्रष्टाचार का ही बायप्रोडक्ट माना जाता है। अभी राजस्थान में शिक्षक भर्ती परीक्षा का पेपर लीक हो गया जिससे लाखों विद्यार्थियों का भविष्य अधर में अटक गया है। ऐसे मामले कई राज्यों में आ चुके हैं। पश्चिम बंगाल का मामला भी भर्ती घोटाले से ही जुड़ा हुआ है।

हमेशा यह विवाद की स्थिति होती है कि राजनीति में ज्यादा भ्रष्टाचार है या ब्यूरोक्रेसी में? नियंत्रण चूँकि राजनीति के पास होता है, इसलिए ब्यूरोक्रेसी का भ्रष्टाचार रोकने की जिम्मेदारी भी राजनीति पर ही होती है तो भ्रष्टाचार की सभी समस्याओं के लिए जिम्मेदारी भी राजनीतिक क्षेत्र पर ही रहेगी।

राजनीतिक भ्रष्टाचार में केवल रिश्वत प्राप्त करना ही नहीं होता। पद,संसाधन और अधिकारों का दुरुपयोग भी भ्रष्टाचार की श्रेणी में ही माना जाता है। शासक किसी भी लाभ के नजरिए से बिना विधिवत प्रक्रिया के कोई भी फैसला करता है तो वह भी भ्रष्टाचार की श्रेणी में ही माना जाता है। सिस्टम में समय पर और प्रक्रिया अनुसार किसी को भी मिलने वाले लाभ को किन्ही कारणों से रोका जाना भी भ्रष्टाचार की श्रेणी में आता है। इसके उलट किसी लाभ के लिए किसी को उपकृत करना भी इसी श्रेणी में माना जाएगा।

इमेज बिल्डिंग के लिए संसाधनों का दुरुपयोग भी भ्रष्टाचार ही है। राजनीति में बढ़ रहा परिवारवाद भी भ्रष्टाचार की जड़ है। मित्रवाद और चाटुकारितावाद को भी भ्रष्टाचार से अलग नहीं देखा जा सकता। रेवड़ी संस्कृति को भी लोकतंत्र के साथ भ्रष्टाचार के रूप में ही देखना ज्यादा उपयुक्त होगा। पहले के जमाने में रॉबिनहुडी पॉलिटिक्स होती थी कि अमीरों से छीनों और गरीबों में बांटों।

आज लोकतांत्रिक सिस्टम में भी इसको बहुत ज्यादा बढ़ावा मिल रहा है। सरकारी संसाधनों और जन धन से स्वयं या दल के लाभ के लिए कोई भी प्रयास भ्रष्टाचार से अलग नहीं हो सकता। राजनीति में पेंशन और भत्ते, कार्य संचालन के लिए आवश्यक माने जाते हैं लेकिन पद और अधिकारों का दुरुपयोग राजनीति की आ समस्या बन गया है।

राजनीतिक भ्रष्टाचार पक्ष और विपक्ष का विषय नहीं है। यह लोकतंत्र की रक्षा और देश की सुरक्षा का विषय है। केवल आरोप-प्रत्यारोप से किसी भी सुधार की संभावना नहीं हो सकती। पिछले साल को अगर भ्रष्टाचार के नजरिए से देखें तो बहुत सारी घटनाएं हमारे सामने हैं। झारखंड के आईएएस अफसर को करोड़ों रुपए की नकदी के साथ गिरफ्तार किया गया है। छत्तीसगढ़ में भी मुख्यमंत्री की उप सचिव को भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

राज्य सरकारों द्वारा दूसरे राज्यों में अपनी उपलब्धियों का जन-धन से प्रचार भी भ्रष्टाचार की श्रेणी में माना जाएगा। दिल्ली में तो राज्य सरकार से विज्ञापन की राशि वसूली का आदेश उपराज्यपाल द्वारा दिया गया है। पहले क्या कभी कल्पना की जा सकती थी कि किसी भी निर्वाचित सरकार को इस बात के लिए कटघरे में खड़ा किया जाएगा कि सरकारी धन से उसके द्वारा दिए गए विज्ञापन पार्टी को लाभ पहुंचाने के लिए हैं। दिल्ली का यह उदाहरण कमोबेश हर राज्य में देखा जा सकता है।

भाषा, शब्द और भाषण राजनीति की सफलता की कुंजी बन गई है। मीडिया तो भाषा और शब्दों के के ही इंद्रधनुष बनाता है। हर दिन नए-नए इंद्रधनुष जनता को परोसे जाते हैं। उनकी सच्चाई पकड़ में नहीं आती। जैसे इंद्रधनुष पकड़ में नहीं आता वैसे ही भाषा शब्द और भाषणों की सच्चाई कभी पकड़ में नहीं आती। हर बार में नए-नए भाषण शोधार्थियों को भी ठगने के लिए पर्याप्त होते हैं। पूरी दुनिया के लोकतांत्रिक राष्ट्रों में भ्रष्टाचार एक कैंसर की तरह घुस चुका है। भारत भी उससे अछूता नहीं है। सबसे अधिक दुर्भाग्यजनक और चिंता की बात की बात यह है कि जनता को भाषणों पर ही विश्वास करना पड़ता है।

जहां तक 2023 में राजनीतिक भ्रष्टाचार में सुधार की संभावना का सवाल है तो कई राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं। इसलिए चुनावी साल में तो राजनीतिक दलों को ज्यादा पैसे की जरूरत होती है। जब भी चुनाव होते हैं चुनाव आयोग की ओर से तैनात अमले द्वारा करोड़ों रुपए की नगदी पकड़ी जाती है। चुनाव के बाद यह पता नहीं चलता कि उस नगदी का क्या हुआ? उन लोगों का क्या हुआ जिनके यहां वह पकड़ी गई थी?

धन और पद की दौड़ किसी को भी मंजिल पर नहीं पहुंचाती। मृत्यु के साथ सब कुछ समाप्त हो जाता है। पूरे जीवन की दौड़ हाथ से छूट जाती है फिर भी जीवन का यह आश्चर्य खत्म ही नहीं होता। सिस्टम का अहंकार भी भ्रष्टाचार का एक स्वरूप माना जाएगा। कोई भी भूमिका उस सिस्टम का नतीजा है और वह सिस्टम जो भी कर रहा है वह भी सिस्टम का नतीजा है। उसे करने में 'मैं' का भाव अहंकार की पराकाष्ठा है। अहंकार ही जीवन का अंधकार है। पूरा सिस्टम एक दूसरे के अहंकार का श्रृंगार करने में ही व्यस्त दिखाई पड़ता है।

जैन-तीर्थ की पवित्रता: चिंता?

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

झारखंड के गिरीडीह जिले में सम्मेद शिखर नामक एक जैन तीर्थ स्थल है। एक दृष्टि से यह संसार के संपूर्ण जैन समाज का अत्यंत महत्वपूर्ण तीर्थ स्थल है। यह वैसा ही है, जैसा कि हिंदुओं के लिए हरिद्वार है, यहूदियों और ईसाइयों के लिए यरूशलम है, मुसलमानों के लिए मक्का-मदीना है और सिखों के लिए अमृतसर का स्वर्ण मंदिर है। सम्मेद शिखर में जैनों के 24 में से 20 तीर्थंकरों ने निर्वाण प्राप्त किया है। दुनिया में किसी भी जैन संप्रदाय का कोई भी व्यक्ति कहीं भी रहता हो, उसकी इच्छा यह रहती है कि जीवन में कम से कम एक बार वह सम्मेद शिखरजी की यात्रा जरुर कर ले। मेरे कुछ जैन परिवारजन ने बताया कि अपने बाल्यकाल में वे जब सम्मेद शिखर पर जाते थे तो मुँहपट्टी लगाए रखते थे या मुँह खोलते ही नहीं थे ताकि किसी जीव की हिंसा न हो जाए। ऐसा पवित्र भाव जिस तीर्थ के लिए करोड़ों लोगों के दिल में रहता हो, यदि उसे सरकार एक पर्यटन स्थल बना दे तो क्या होगा? सरकार ने अभी-अभी उस सुरम्य पर्वत को अब पर्यटन स्थल घोषित कर दिया है। याने अब लोग वहाँ पूजा-अर्चना करने नहीं, मौज-मजा करने के लिए आएंगे। वे वहाँ शराब पिएँगे, मांसाहार करेंगे और बहुत-से अनैतिक काम भी वहाँ होने लगेंगे। उस परम पवित्र स्थान की पवित्रता अब इतिहास का विषय बन जाएगी। सारे भारत का जैन समाज इस आशंका से उद्वेलित है। दिल्ली, मुंबई तथा कई अन्य शहरों और गांवों में जैन-समाज सड़कों पर उतर आया है। वह सम्मेद शिखर को पर्यटन केंद्र बनाने की घोषणा को निरस्त करने की मांग कर रहा है। उनकी यह मांग बिल्कुल जायज़ है। मुस्लिम नेता असदुद्दीन ओवैसी ने भी इस मांग का समर्थन किया है। वे क्यों नहीं करेंगे? दुनिया के सभी धर्मों के लोग अपने-अपने धर्म-स्थलों की पवित्रता के लिए अपनी जान भी कुर्बान कर देते हैं। क्या मक्का-मदीना में काबा जाकर कोई शराब पी सकता है या सूअर का माँस खा सकता है? क्या किसी हिंदू तीर्थ या मंदिर के पास बैठकर कोई गोमांस की बिक्री कर सकता है? इसका अर्थ यह बिल्कुल नहीं है कि सम्मेद शिखर जैसे सुरम्य पर्वतीय स्थलों पर पर्यटकों को जाने की मनाही हो। वे जरूर जाएं लेकिन उनका आचरण नियंत्रित हो, मर्यादित हो और धर्मप्रेमी लोगों का ध्यान भंग करनेवाला न हो। सरकार चाहे तो उसे दुनिया का चहेता पर्यटन केंद्र बनवा दे लेकिन सर्वहितकारी जैन-सिद्धांतों का वहाँ उल्लंघन न हो, यह भी उतना ही जरूरी है।

यूनाइटेड राजनीतिक एप्रोच से ताकतवर नया भारत आगे

सरयूसुत मिश्र

राहुल गांधी विपक्षी दलों को यह संदेश दे रहे हैं कि केवल कांग्रेस पार्टी ही बीजेपी के खिलाफ सेंट्रल आईडियोलॉजिकल फ्रेमवर्क दे सकती है। राहुल गांधी जब 2019 में कांग्रेस के अध्यक्ष होते थे तब विपक्षी दलों को यूनाइट करने में सफल क्यों नहीं हो पाए थे? कांग्रेस पार्टी के भीतर ही क्या राहुल गांधी की सर्व स्वीकार्यता है? कांग्रेस छोड़ने वाले सभी वरिष्ठ नेताओं ने राहुल गांधी की स्टाइल ऑफ़ फंक्शनिंग की ही आलोचना क्यों की है?

एक ताजा सर्वे में यह तथ्य उभरकर आया है कि मतदाता मोदी के मुकाबले अल्टरनेटिव के रूप में आम आदमी पार्टी को स्वीकार करते हैं। यहां तक कि कांग्रेस को मोदी का विकल्प मानने वालों की संख्या, रीजनल पार्टी को विकल्प मानने वालों से भी कम है। सर्वाधिक 31 फीसदी लोग आप को अल्टरनेटिव मानते हैं।

ऐसे में अपोजीशन यूनिटी की संभावनाएं लगभग शून्य दिखाई पड़ती हैं। आप और रीजनल पार्टियां कांग्रेस के जनाधार में ही सेंध लगाकर खड़ी हुई हैं। ऐसे सारे दल कभी भी नहीं चाहेंगे कि कांग्रेस का पुनर्जागरण हो। संभावना इस बात की है कि अगला लोकसभा चुनाव 2019 में विपक्षी दलों की स्थिति के अनुसार ही होगा। प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में बहुकोणीय मुकाबला होगा और इसका सीधा लाभ मोदी को मिलेगा।

राजनीति संभावनाओं का खेल है। अगर यह मान लिया जाए कि विपक्ष में किसी प्रकार की एकजुटता हो भी जाये और प्रत्येक लोकसभा में बीजेपी के मुकाबले के लिए एक ही प्रत्याशी उपलब्ध हो, तब भी मोदी की संभावनाओं पर कोई प्रभाव नहीं पड़ने वाला। अपोजिशन यूनिटी पर मोदी का करिश्मा और केमिस्ट्री भारी रहेगी। ताकतवर नया भारत, यूनाइटेड राजनीतिक एप्रोच से आगे बढ़ चुका है।

अब भारत विश्वस्तर पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहा है। भारत की विश्व में बढ़ती ताकत दुनिया में बसे भारतीयों और भारत में रहने वाले लोगों को प्राइड का अहसास दे रहा है। ऐसे भारत के लिए मोदी की जरूरत और भरोसा कमजोर करने का कोई भी प्रयास सफल होता फिलहाल तो नहीं दिखाई पड़ता है।

लोकसभा चुनाव के पहले इसी साल जिन 9 राज्यों में चुनाव होना है, वहां अधिकांश राज्यों में कांग्रेस और बीजेपी के बीच में मुकाबला है। इन राज्यों के चुनाव परिणाम कांग्रेस की चुनावी सफलता का संकेत करेंगे। इन राज्यों के जनादेश लोकसभा में कांग्रेस के पंख की गति मापने के लिए पर्याप्त होंगे। अपोजिशन यूनिटी पहले कभी गैर कांग्रेस के खिलाफ होती थी, जो कांग्रेस अपोजिशन यूनिटी का कारण होती थी वहीं कांग्रेस आज गैर भाजपावाद के सहारे अपोजिशन यूनिटी का प्रयास कर रही है। कांग्रेस का इतिहास अगर देखा जाए तो अपोजिशन यूनिटी को तहस-नहस करने में कांग्रेस से ज्यादा किसी राजनीतिक दल ने भूमिका नहीं निभाई है।

राहुल गांधी नेशनल लेवल पर आईडियोलॉजिकल फ्रेमवर्क के लिए कांग्रेस को सबसे मुफीद बता रहे हैं। प्रश्न यह है कि पॉलिटिक्स में विचारधारा की क्या भूमिका और भविष्य रहा है? भारतीय राजनीति में क्या कांग्रेस ने विचारधारा को सत्ता की धारा नहीं बना दिया है? सत्ता के लिए जो धारा जरूरी है क्या सभी राजनीतिक दल उसी धारा पर नहीं चल रहे हैं? आज भारत में दो ही विचारधारा दिखाई पड़ती हैं। पहली हिंदू मुस्लिम एकता यानी मुस्लिम तुष्टिकरण की धारा और दूसरी हिंदू मुस्लिम एकता याने हिंदू संतुष्टिकरण की धारा।

सभी राजनीतिक दल इन्हीं दो धाराओं के बीच में बंटे हुए हैं। देश में क्या बुनियादी मुद्दों पर विचारधारा का कोई प्रभाव दिखाई पड़ता है? कांग्रेस की विचारधारा प्रेम और नफरत की जो बात कर रही है, उसके पीछे केवल तुष्टीकरण पर आधारित एक बड़ी जनसंख्या को प्रभावित करने की कोशिश मात्र है।

बीजेपी के अलावा कांग्रेस सहित सभी राजनीतिक दल इसी विचारधारा पर अपनी सत्ता की धारा चलाते हुए देखे जा सकते हैं। बीजेपी की तरफ से तो कई बार कई बुनियादी मुद्दों पर अपनी विचारधारा सामने रखी गई है। कोई उससे सहमत हो या असहमत हो लेकिन उनकी विचारधारा दिखाई पड़ती है। जैसे कश्मीर में धारा 370 हटाना, समान नागरिक संहिता, राम मंदिर, राष्ट्र की सुरक्षा, संस्कृति, शिक्षा, ऐतिहासिक क्रूरताओं और वर्तमान परिस्थितियों में नवनिर्माण, गुलामी के प्रतीकों को हटाने, एनआरसी और नागरिकता कानून पर बीजेपी की विचारधारा स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ती है। कांग्रेस और दूसरे राजनीतिक दल क्या इन सभी मुद्दों पर अपनी विचारधारा स्पष्ट कर सकते हैं?

भारत में जनसंख्या पर भी तुष्टीकरण की विचारधारा हावी दिखाई पड़ती है। कृषि के उदारीकरण के लिए बनाए गए कानूनों का भी विरोध कौन सी राजनीति विचारधारा के कारण था? राजनीति में विचारधारा की बात करना कोई मायने नहीं रख रहा है। सत्ता की धारा ही राजनीति की विचारधारा बनी हुई है। भारत की सबसे बड़ी समस्या भी यही है। बुनियादी विषयों पर यदि विचारधारा के स्तर पर राजनीतिक दलों द्वारा काम किए जाएं तो बहुत सारी राष्ट्र की समस्याओं का समाधान हो सकता है।

मोदी से मुकाबले के लिए अपोजिशन यूनिटी अंतत: मोदी को ही लाभ पहुंचाएगी। सोशल मीडिया और इंटरनेट के जमाने में आज विरोध की आवाजें बहुत तेजी से फैल जाती हैं। चाहे वह विरोध फिल्म का हो या राजनीतिक दल का हो या राजनेता का हो। फिल्मों के मामले में तो ऐसा अनुभव रहा है कि जिन फिल्मों का जितना अधिक विरोध किया गया है व्यवसायिक रूप से उन फिल्मों को उतनी ही सफलता मिली है। मोदी का व्यक्तित्व भी ऐसा ही दिखाई पड़ता है। मोदी के खिलाफ जितनी विरोध की आवाजें उठाई गई हैं उतना ही मोदी को देश का समर्थन बढ़ता गया है।

अपोजिशन यूनिटी भी अगले लोकसभा चुनाव में इसी प्रकार से काम कर सकती है। ज्यादा संभावना इस बात की है कि यूनिटी हो ही नहीं पाएगी। अगर विपक्ष का एका हो भी गया तब भी आम चुनाव में मोदी का मुकाबला करना किसी भी पार्टी के बूते की बात नहीं दिखाई पड़ रही है। राज्य के चुनाव में बीजेपी को कहीं-कहीं झटका भी मिल सकता है लेकिन नेशनल चुनाव में मोदी को कमजोर करना फिलहाल संभव नहीं लगता।

बीजेपी से कई क्षेत्रों में नाराजगी हो सकती है। देश में बीजेपी का जो वोट शेयर बना हुआ है उसमें पार्टी के वोट शेयर के साथ ही 10त्न का वोट शेयर मोदी का पर्सनल बना हुआ है। यह वोट शेयर बीजेपी को लाभ पहुंचाता है। जब 2024 का आम चुनाव चुनाव होगा तब यह वोट शेयर मोदी के लिए और भी बढ़ सकता है।

नोटबंदी: मोदी को माफी क्यों मिली?

वेद प्रताप वैदिक

नोटबंदी 2016 के नवंबर माह में लागू हुई थी। उसके खिलाफ जो याचिकाएँ सर्वोच्च न्यायालय में लगी थीं, वे सब रद्द हो गई हैं, क्योंकि पाँच जजों में से चार ने फैसला दिया है कि नोटबंदी घोषित करने में मोदी सरकार ने किसी नियम या कानून का उल्लंघन नहीं किया था। महिला जज बी.वी. नागरत्न ने अपनी असहमति व्यक्त करते हुए कहा है कि सरकार को या तो नोटबंदी की घोषणा संसद से पास करवानी थी या उसके पहले वह अध्यादेश भी जारी करवा सकती थी। किसी भी जज ने असली मुद्दे पर अपनी कोई राय जाहिर नहीं की है। असली मुद्दा क्या है? वह यह है कि क्या नोटबंदी करना ठीक था? उससे देश को फायदा हुआ या नुकसान? इस मुद्दे पर अदालत की चुप्पी आश्चर्यजनक है।

नोटबंदी का मूल विचार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का था ही नहीं। यह विचार था पुणें की अर्थक्रांति नामक संस्था के अध्यक्ष अनिल बोकील का! उन्होंने पिछले 20 साल से इस विचार को विकसित करके नोटबंदी की योजना बनाई थी। जब बाबा रामदेव और मैं सारे देश में काले धन के विरूद्ध अभियान चला रहे थे, तब बोकील हम लोगों से मिले। प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार नरेंद्र मोदी को अपनी योजना से अवगत करवाने का आग्रह बोकील ने मुझसे किया।

मोदी ने उन्हें दस मिनिट का समय दिया लेकिन डेढ़-दो घंटे तक बात की और प्रधानमंत्री बनने पर एक दिन अचानक नोटबंदी की घोषणा कर दी। इस योजना को उन्होंने अत्यंत गोपनीय रखा। यह जरुरी भी था। लेकिन नोटबंदी बुरी तरह से पिट गई। सैकड़ों गरीब लोग लाइनों में खड़े-खड़े मर गए। एक हजार के नोट खत्म किए लेकिन दो हजार के शुरु कर दिए, नए नोट छापने में 50 हजार करोड़ रु. खपा दिए, देश की 86 प्रतिशत नगदी पर प्रतिबंध लग गया। नेताओं और सेठों ने बैंकों से जोड़-तोड़ करके अपने काले धन को धड़ल्ले से सफेद कर लिया और गरीब लोग मारे गए। बोकील की योजना के मुताबिक सबसे ऊँचा नोट सिर्फ 100 का होना चाहिए था, हर बैंकिंग लेन-देन पर नाम-मात्र का टैक्स लगाना था, और आयकर को पूरी तरह से खत्म करना था। इनमें से एक भी शर्त पूरी नहीं की गई। सारी साहसिक और सराहनीय योजना चौपट हो गई। अब काले धन का भंडार बनाना और आसान हो गया लेकिन फिर क्या वजह है कि 2019 के चुनाव में नरेंद्र मोदी को जनता ने दंडित नहीं किया? भाजपा की सीटें और वोट बढ़ गए? इसका एक ही कारण है। नोटबंदी के पीछे नरेंद्र मोदी का इरादा शुद्ध लोक-कल्याण का था। कोई काम आपसे बिल्कुल गलत हो जाए लेकिन उसके पीछे अगर आपका इरादा पवित्र हो तो भारतीय जनता इतनी समझदार है कि वह आपको माफ कर देती है।

उपहारों और सामाजिक क्रांति का नया साल

कौशल किशोर चतुर्वेदी

नए साल में मध्यप्रदेश सरकार ने प्रदेशवासियों के लिए उपहारों का पिटारा खोल दिया है। अलग नजरिए से देखने वाले सरकार के इस प्रयास को चुनावी साल का नाम भी दे सकते हैं। पर जिस काम से गरीब जनता और अलग-अलग वर्गों की भलाई हो, वह काम सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय तो माने ही जाएंगे। 4 जनवरी 2023 का दिन मध्यप्रदेश के इतिहास में क्रांतिकारी साबित होने वाला है। मुख्यमंत्री भू-अधिकार योजना की शुरुआत टीकमगढ़ जिले से होने जा रही है। इसके तहत दस हजार से ज्यादा परिवारों को मानक तौर पर 600 वर्ग फीट जमीन का पट्टा उपहार में देना एक सामाजिक क्रांति का आगाज है। हर जिले में यदि औसत दस हजार गरीबों को रहने के लिए जमीन उपहार में मिलती है, तो पांच लाख से ज्यादा परिवारों का जीवन बदल जाएगा। जमीन का अधिकार मिलने से दूसरी योजनाओं का लाभ मिलेगा और जीवन की गाड़ी दौड़ने लगेगी। निश्चित तौर पर सरकार के इस प्रयास से लाखों परिवारों में उल्लास का वातावरण बनने वाला है। इसके साथ ही सरकार ने मंगलवार को नए साल की पहली कैबिनेट बैठक में भी जो फैसले लिए हैं, वह भी तारीफ के काबिल हैं। चाहे मेडिकल कॉलेज में पीजी सीट बढ़ाने की बात हो या फिर सीएम राइज विद्यालयों के लिए भारी भरकम राशि की स्वीकृति की, सभी फैसले सर्वजन हिताय का संदेश दे रहे हैं।

तो सबसे पहले बात करते हैं भू-अधिकार की। कैबिनेट बैठक के पहले मुख्यमंत्री चौहान ने मंत्रिमंडल के साथियों को महत्वपूर्ण जानकारी दी कि मध्यप्रदेश सरकार नए साल पर नई सौगात देने जा रही है। सरकार गरीबों के लिए भूखंड उपलब्ध कराएगी। मुख्यमंत्री आवासीय भू अधिकार योजना का 4 जनवरी 2023 को टीकमगढ़ से शुभारंभ होगा। यह दिन सुनहरे अक्षरों में दर्ज होगा। उन्होंने योजना के पीछे अपना अनुभव बताया कि मैं टीकमगढ़ गया था तो लोगों ने बताया कि घर मे रहने के लिए जगह नहीं है। तब हमने कल्पना की थी कि ऐसी योजना लागू करेंगे जिससे लोगों का अपना भूखंड हो। इसी क्रम में 4 जनवरी 2023 को टीकमगढ़ जिले के 10 हज़ार 500 लोगों को 120 करोड़ की लागत के भूखंड वितरित करेंगे। यह पट्टा पति पत्नी के नाम पर होगा। खास बात यह है कि इसमें कोई प्रीमियम नहीं लगेगा। नये साल में गरीबों को नई सौगात मिलेगी। भूखंड का मॉडल साइज 600 वर्ग फीट और स्थानानुसार तय किया जाएगा। टीकमगढ़ जिले से शुभारंभ,बाद में सभी जिलों में यह योजना क्रमश: जारी रहेगी। निश्चित तौर पर गरीबों को यह सौगात निराली है।

मंगलवार को कैबिनेट से पहले से जो फील गुड की शुरुआत हुई तो बाद तक जारी रही। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में 45 सीएम राइज विद्यालयों के लिये 1807 करोड़ 57 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई। प्रदेश में सीएम राइज योजना के प्रथम चरण में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 275 स्कूल विकसित किये जा रहे हैं। प्रदेश में कुल 9 हजार 200 सीएम राइज स्कूलों का निर्माण किया जाना है। इसकी मंत्रि-परिषद से सैद्धांतिक स्वीकृति जुलाई, 2021 में जारी की जा चुकी है। इसमें से प्रथम चरण में 370 स्कूलों का निर्माण हो रहा है, जिनमें 275 स्कूल शिक्षा विभाग में तथा शेष 95 स्कूल जनजातीय कार्य विभाग अंतर्गत निर्मित हो रहे हैं। पूर्व में मंत्रि परिषद द्वारा 2 हजार 660 करोड़ रूपए की लागत के 73 स्कूलों को स्वीकृति दी जा चुकी है। अगर यह योजना उम्मीदों पर खरी उतरी तो शिक्षा क्रांति का रूप लेकर रहेगी।

अगला फैसला था चिकित्सा महाविद्यालय इन्दौर, ग्वालियर, जबलपुर तथा रीवा में 433 नई पीजी सीट वृद्धि का। चिकित्सा महाविद्यालय इन्दौर के लिए 192 करोड़ 24 लाख रूपये, चिकित्सा महाविद्यालय ग्वालियर के लिए 62 करोड़ 82 लाख रूपये, चिकित्सा महाविद्यालय जबलपुर के लिए राशि 100 करोड़ 66 लाख रूपये तथा चिकित्सा महाविद्यालय रीवा के लिए 82 करोड़ 68 लाख रूपये, इस प्रकार कुल राशि 438 करोड़ 40 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। चिकित्सा महाविद्यालय, इन्दौर, ग्वालियर, जबलपुर तथा रीवा के विभिन्न विभागों में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के लिए पीजी सीट्स की वृद्धि होने से प्रदेश को प्रत्येक वर्ष अतिरिक्त संख्या में विषय-विशेषज्ञ चिकित्सक उपलब्ध हो सकेंगे। तो यह स्वास्थ्य क्रांति की तरफ एक कदम माना जा सकता है। तो अगला फैसला था जनजातीय वर्ग के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग प्रतिष्ठित संस्थाओं से संभाग स्तर पर दिये जाने के लिए योजना का अनुमोदन एवं ऑफलाइन कोचिंग को प्रतिवर्ष और ऑनलाइन कोचिंग पायलेट प्रोजेक्ट में आगामी 4 वर्षों के संचालन के लिए राशि स्वीकृत करने का। और इसके बाद पंचायत प्रतिनिधियों के निर्वाचन में आम सहमति और निर्विरोध निर्वाचन के प्रोत्साहन के लिये पुरस्कार राशि में वृद्धि के फैसले पर मुहर लग गई ताकि बड़ी सामाजिक लोकतांत्रिक क्रांति आकार ले सके। तो अगला फैसला था 23 हजार से अधिक ग्राम पंचायतों के सरपंचों के मानदेय में वृद्धि का। सरपंचों का मानदेय 1,750 से बढ़ा कर 4,250 रूपये प्रतिमाह किया जाएगा।

और भी फैसले हुए नए साल की पहली कैबिनेट बैठक में और सभी सौगात देने वाले हैं। इनमें सरकार का सबसे बड़ा फैसला गरीबों को भू अधिकार देने वाला साबित होगा, जिसकी शुरुआत टीकमगढ़ जिले से 4 जनवरी को होने जा रही है। गरीबों के हित का यह फैसला इतिहास रचेगा, इसमें कोई संशय नहीं है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान इसके लिए बधाई के पात्र हैं। उपहारों और सामाजिक क्रांति का सिलसिला नए साल में जारी रहे, यही कामना हैज्।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना, प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

राहुल बिसेन बने जिला सोशल मीडिया प्रभारी

खण्डवा। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद माननीय विष्णु दत्त जी शर्मा विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक मनोज द्विवेदी एवं प्रदेश

सह संयोजक एवं इंदौर संभाग प्रभारी देवेंद्र सिंह यादव की सहमति से जिला संयोजक मोहन गंगराड़े ने सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहने वाले अधिवक्ता श्री राहुल बिसेन को जिला सोशल मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है। श्री राहुल बिसेन की नियुक्ति पर जिला सहसंयोजक विजय चौधरी कार्यकारिणी सदस्य भानु प्रताप सिंह मौर्य रजनीश सोनी संतोष गौर प्रेमांशु कुमार जैन,जितेंद्र राउत, आनंद राठौर,सुंदर राजपूत, अखण्डप्रताप सिंह, महेश राठौर, अभिषेक मालाकार,विन्नम गंगराड़े, जसवंत परमार नवीन हनवे सहित अन्य अधिवक्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुवे संगठन का आभार जताया।

कलेक्टर की पहल

ट्राईसाइकिल पाकर दिव्यांग इरशाद हुए गदगद

छतरपुर। मंगलवार को सम्पन्न जिला स्तरीय जनसुनवाई दिव्यांग इरशाद सहित कई दिव्यांगों के लिए सौगात लेकर आई। कलेक्टर छतरपुर संदीप जीआर की पहल पर दिव्यांग इरशाद को ट्राईसाइकिल तो दूजे दिव्यांग को वैशाखी उपलब्ध कराई गई। जनसुनवाई में आने वाले दिव्यांगों की सुनवाई के लिए कलेक्टर की अगुआई में अलग कक्ष बनाकर उनके आवेदन प्राप्त किए जा रहे हैं। चलने में असमर्थ दिव्यांगों के लिये व्हील चेयर की सुविधा शुरू की गई है। इस व्यवस्था से जनसुनवाई में आने वाले दिव्यांग खुश है। मंगलवार को ग्राम बलरामपुर गौरिहार से आये दिव्यांग इरशाद ने कलेक्टर को चलफिर सकने में आ रही समस्या के निदान के लिये ट्राइसाइकिल दिलाने का आवेदन प्रस्तुत किया। कलेक्टर ने अधिकारियों को ट्राईसाइकिल देने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में ही ट्राईसाइकिल पाने के बाद इरशाद ने कहा कि वह बेहद खुश है एवं साइकिल मिलने से उसे आने जाने में आसानी होगी।

शीत लहर एवं कोहरे के चलते शाला के समय में हुआ परिवर्तन, अब प्रातः 9:30 से लगेंगी कक्षाएं

छतरपुर। कलेक्टर छतरपुर संदीप जी आर ने शीत लहर एवं कोहरे के चलते प्रातःकालीन लगने वाली शालाओं के समय में परिवर्तन किया है। जारी आदेश के तहत तुरंत प्रभाव से सभी शासकीय, अशासकीय, सीबीएसई, आईसीएससी-प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाऐं प्रातः 7 बजे के स्थान पर 9:30 बजे से शुरू होगी। जबकि परीक्षाओं के समय में परिवर्तन नहीं किया गया है। परीक्षायें यथासमय संचालित की जाएगी।

राहुल बिसेन बने जिला सोशल मीडिया प्रभारी

खण्डवा। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद माननीय विष्णु दत्त जी शर्मा विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक मनोज द्विवेदी एवं प्रदेश सह संयोजक एवं इंदौर संभाग प्रभारी देवेंद्र सिंह यादव की सहमति से जिला संयोजक मोहन गंगराड़े ने सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहने वाले अधिवक्ता श्री राहुल बिसेन को जिला सोशल मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है। श्री राहुल बिसेन की नियुक्ति पर जिला सहसंयोजक विजय चौधरी कार्यकारिणी सदस्य भानु प्रताप सिंह मौर्य रजनीश सोनी संतोष गौर प्रेमांशु कुमार जैन,जितेंद्र राउत, आनंद राठौर,सुंदर राजपूत, अखण्डप्रताप सिंह, जिले में कोई भी मेडिकल स्टोर्स बिना रजिस्ट्रेशन के क्लीनिक का संचालन न करें

जिले के विभिन्न टीकाकरण केन्द्रों पर एफआईपीवी डोज का टीकाकरण प्रारंभ



खण्डवा भारत शासन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली के निर्देशानुसार बच्चों को पोलियो वायरस से डबल सुरक्षा प्रदान किये जाने हेतु एफआईपीवी वैक्सीन का फ्रेक्शलन डोज 6 से 14 सप्ताह में दिया जाता है। पोलियो वायरस से बच्चों में अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान किये जाने हेतु नियमित टीकाकरण के अतिरिक्त एफआईपीवी वैक्सीन का डोज 9 से 12 माह पर दिया जाना है। मंगलवार को जिले के विभिन्न टीकाकरण केन्द्रो में एफआईपीवी वैक्सीन का टीकाकरण प्रारंभ किया गया। अब ये नियमित रुप से टीकाकरण किया जायेगा। इस दौरान संजीवनी क्लीनिक गणेश तलाई में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एन.के. सेठिया, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. अनिल तंतवार व जिला मीडिया अधिकारी श्री व्ही.एस.मण्डलोई की उपस्थिति में टीकाकरण सत्र प्रारंभ करवाया गया।महेश राठौर, अभिषेक मालाकार,विन्नम गंगराड़े, जसवंत परमार नवीन हनवे सहित अन्य अधिवक्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुवे संगठन का आभार जताया।

बिजली की अघोषित कटौती से किसान परेशान

किसानों को सिंचाई के लिए नहीं मिल रही बैरसिया में पर्याप्त बिजली

बैरसिया। बैरसिया क्षेत्र में इन दिनों बिजली की जमकर कटौती की जा रही है जिससे किसान हैरान परेशान हैं किसान सिंचाई भी समय से नहीं कर पा रहा है भैंसोंदा निवासी रामकिशोर पटेल ने बताया है कि भैंसोंदा खजूरिया नरेला मैं बिजली की अघोषित कटौती की जा रही है। जिसकी शिकायत किसानों ने विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से लेकर सीएम हेल्पलाइन ऊर्जा मंत्री शिकायत केंद्र भोपाल 07554344200, 9301124042 नंबर पर भी किसानों ने शिकायत दर्ज करा दी है। लेकिन इसके बावजूद भी अघोषित बिजली की कटौती की जा रही है। ग्रामीण क्षेत्र में घरेलू सप्लाई एवं कृषि पंप की सप्लाई के साथ - साथ बैरसिया नगर में भी जमकर कटौती की जा रही है जिससे उपभोक्ता परेशान है उपभोक्ता द्वारा बिजली विभाग के अधिकारियों को मोबाइल लगाया जाता है तो उपभोक्ताओं के मोबाइल तक नहीं उठाते हैं वहीं दूसरी ओर तरावली फिटर पर 2 महीने से अधिक समय बीतने के बाद भी दिन रात की शिफ्ट मैं परिवर्तन नहीं किया गया है।

इनका कहना

बैरसिया विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को समस्याओं से अवगत कराने के बाद भी किसानों को पर्याप्त बिजली नहीं दी जा रही है। इसी माह में मुख्यमंत्री का बैरसिया दौरा है किसानों की बिजली आदि की समस्याओं से मुख्यमंत्री जी को अवगत कराया जाएगा।

-देवेंद्र सिंह दांगी
तहसील अध्यक्ष भारतीय किसान संघ बैरसिया

दो दिन से रोज सुबह से ही बिजली कटौती की जा रही
- दीपक यादव बसई बैरसिया

सुबह से ही रोज बिजली कटौती की जा रही है
- लक्ष्मी साहू बसई बैरसिया

बिजली बिल्कुल नहीं काटी जा रही कंबल आज 1.5 घंटे बिजली ओवरलोडिंग की वजह से जरूर बंद रहीं। बाकी इससे पहले कभी भी बिजली कटौती न नगर में हुई है। न ग्रामीण क्षेत्रों में हूई।

- पंकज यादव

संबल 2.0 योजना के तहत लंबित आवेदनों का त्वरित निराकरण करें

सभी नगरों के प्रमुख स्थानों पर अलाव जलाया जाना सुनिश्चित किया जाएं

कलेक्टर नर्मदापुरम नीरज कुमार सिंह ने दिए निर्देश

नर्मदापुरम। संबल 2.0 योजना के लंबित आवेदनों का त्वरित निराकरण किया जाए। यह निर्देश नर्मदापुरम कलेक्टर श्री नीरज कुमार सिंह ने सभी जनपद सीईओ एवं नगरपालिका सीएमओ को दिए हैं। कलेक्टर श्री सिंह ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संबल 2.0 योजना की जनपद एवं निकायवार विस्तार से समीक्षा की ओर सभी आवेदनों का शुक्रवार तक निराकरण किए जाने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री एसएस रावत, अपर कलेक्टर श्री मनोज कुमार ठाकुर , संयुक्त कलेक्टर श्रीमती वंदना जाट सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने अत्यधिक ठंड के दृष्टिगत सभी सीएमओ से नगरीय क्षेत्रों में अलाव जलाए जाने के संबंध में जानकारी भी ली। सभी सीएमओ ने जानकारी देते हुए बताया कि नगरीय क्षेत्रों में अलाव जलाने की कार्यवाही निरंतर जारी हैं। कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि सभी प्रमुख स्थानों पर अलाव जलाया जाना सुनिश्चित करें।

कलेक्टर श्री सिंह ने बैठक में 12 एवं 13 जनवरी को आयोजित युवा समागम कार्यक्रम की तैयारियों की जानकारी भी ली। उन्होंने शासन निर्देशों के अनुसार युवा समागम कार्यक्रम की सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए।

खेल चेतना मेला के लिए शहर के मैदानों में तैयारी शुरू

9 से 12 जनवरी तक आयोजित होगा खेलों का महाकुंभ

- आयोजन समिति की तैयारियां अंतिम चरण में

रतलाम । क्रीड़ा भारती एवं चेतन्य काश्यप फाउंडेशन द्वारा आयोजित 23वे खेल चेतना मेला को लेकर शहर के खेल मैदान तैयार होने लगे है। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 9 से 12 जनवरी तक खेल चेतना मेला आयोजित होगा। मंगलवार को खेल चेतना मेला आयोजन समिति के सचिव मुकेश जैन, क्रीड़ा भारती जिलाध्यक्ष डॉ. गोपाल मजावदिया, सचिव अनुज शर्मा, खेल प्रशिक्षक जितेंद्र धुलियां ने खेल मैदानों पर पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया।

आजादी के अमृत महोत्सव के तहत आयोजित होने वाले 23वे खेल चेतना मेला में रतलाम शहर के सभी विद्यालयों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। वर्तमान में मैदानों की सफाई कराए जाने के साथ उन पर रोलर घूमाए जा रहे है, जिससे कि मैदान बेहतर बने और खिलाड़ियों को अच्छे मैदान पर खेलने का अवसर मिले। इसके अतिरिक्त विभिन्न खेलों से जुड़े खिलाड़ी भी मैदान पर पसीना बहाते नजर आ रहे है। पूर्व में क्रीड़ा भारती और खेल चेतना मेला की आयोजन समिति द्वारा स्कूली बच्चों के लिए खेल प्रशिक्षण शिविर भी आयोजित किए गए थे, जिसमें हजारों की संख्या में खिलाड़ियों ने खेल संयोजक और प्रशिक्षकों के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त किया था।

खेल मेले में इस बार 18 खेलों में 7 हजार से अधिक बच्चे सहभागिता करेंगे। इसमें पहली बार योग और बालिका वर्ग की हॉकी के साथ कुछ खेलों में मिनी वर्ग को शामिल गया है। खेल मेले में इस बार योग, बास्केटबॉल, टेबल टेनिस, बेडमिंटन, एथलेटिक्स, कबड्डी, खो-खो, क्रिकेट, फुटबॉल, हॉकी, कुश्ती, व्हॉलीवॉल, शतरंज, तैराकी, मलखंब, स्केटिंग, शूटिंग, शरीर सौष्ठव की स्पर्धाएं आयोजित होगी। आयोजन समिति ने समस्त अभिभावकों के साथ स्कूल संचालक व प्राचार्यों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में बच्चों को उनके मानसिक और शारीरिक विकास के लिए खेल स्पर्धाओं में शामिल होने के लिए प्रेरित करे।

सावित्री बाई फुले प्रथम महिला शिक्षिका एवं समाज सुधारकः शीला

बैतूल। सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कालापाठा में देश की पहली महिला शिक्षिका सावित्री बाई फुले की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का आरंभ सावित्री बाई फुले के छाया चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। इस मौके पर संस्था की प्राचार्य श्रीमती शीला वराठे ने कहा कि सावित्री बाई फुले ने समाज का तिरस्कार सहन करते हुए प्रथम बालिका शिक्षा हेतु विद्यालय प्रारंभ किया। उस समय उन्होंने कहा था कि माता ही यदि हो अज्ञानी तो बच्चें कैसे महान बनेंगे। विद्यालय के शिक्षक गोविंद सिंह राजपूत एवम् श्रीमती संगीता गंगारे ने सावित्री बाई फुले के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उन के जीवन के कई प्रेरक प्रसंग सुनाए। कार्यक्रम में वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती कीर्ति साहू का जन्मदिन भी मनाया गया। बच्चों ने मनमोहक झांकी प्रस्तुत करते हुए सावित्री बाई फुले का वेश धारण किया जो आकर्षण का केन्द्र रहा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में बच्चे मौजूद थे।

जिले में पंजीकृत वाहनों से बंद की जाए टोल वसूलीः आप

बैतूल। नेशनल एवं स्टेट हाईवे पर बने टोल प्लाजा स्थानीय लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गए है। क्योंकि यहां पर स्थानीय लोगों से भी टैक्स वसूल किया जा रहा है। वाहन चालक तहसील मुख्यालय तक चार पहिया वाहन से आने पर भी टैक्स अदा कर रहे हैं। वहीं, टोल प्रबंधन और संबंधित कंपनी के अधिकारियों द्वारा इस समस्या की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। आम आदमी पार्टी ने इस जनहित के मुद्दे को उठाते हुए केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन प्रेषित कर जिले में पंजीकृत वाहनों से टोल वसूली बंद करने की मांग की है। आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष अजय सोनी ने बताया कि टोल टैक्स से होकर गुजरने वाला हर वाहन टैक्स अदा कर रहा है, चाहे वह वाहन बैतूल तहसील का ही क्यों नहीं हो इस व्यवस्था से लोग खासे परेशान हैं और स्थानीय वाहनों पर टोल टैक्स फ्री करने की मांग कर रहे हैं। ऐसी ही परेशानी लोगों को जिले में स्थित नेशनल एवं स्टेट टोल प्लाजा पर झेलनी पड़रही है। जिले से पंजीकृत वाहनों से टोल वसूली पर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता भी नाराज हो गए। उन्होंने बताया वाहन चालकों से टोल टैक्स और रोड टैक्स वसूल किया जा रहा है। जब टोल टैक्स ले रहे है, तो

रोड टैक्स के पैसे वाहन स्वामियों को वापस किया जाना चाहिए। कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचकर सरकार के खिलाफ जमकर आक्रोश व्यक्त किया। कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में उन्होंने स्थानीय लोगों से टोल टैक्स की वसूली बंद करने की मांग की। आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं ने प्रशासन को खुली चुनौती देते हुए कहा कि स्थानीय वाहनों को टोल टैक्स से मुक्त किया जाए। जिले वासियों के साथ नाइंसाफी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। स्थानीय लोगों को टोल टैक्स से मुक्त नहीं किया जाता है तो आम आदमी पार्टी टोल नाके पर धरना देकर इसका विरोध करेगी। ज्ञापन सौंपने वालों में राजेश यादव, प्रीतम भूमरकर, ललित कुमार, संतोष देशमुख, अब्दुल, बाबा सोलंकी, श्याम, गोकुल, रोहित सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

शीघ्र दुकाने आवंटित करो, गुमठीधारियों ने सौंपा ज्ञापन

बैतूल। गंज मंडी काम्प्लेक्स के गुमठीधारियों ने कलेक्टर काम्प्लेक्स में दुकान आवंटन के संबंध में ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर व्यवसायी शिवनंदन श्रीवास और राकेश खंडेलवाल ने कहा कि समाचार पत्रों के माध्यम से विदित हुआ है कि काम्प्लेक्स में 122 दुकानदारों को दुकान आवंटित करने की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। श्याम टेकपुरे और उषा राठौर ने कहा कि उक्त प्रक्रिया 6 माह पूर्व भी ऐसा ही क्या गया था कि प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है परन्तु दुकानदारों को अभी तक दुकाने आवंटित नहीं की गई है। ज्ञापन में शीघ्र दुकाने आवंटित करने की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपते समय पीयूष भार्गव, रोशनलाल सतीजा, प्रदीप खंडेलवाल विजय साहू, धमेन्द्र राठौर, संतोष साहू, नंदकिशोर सहित बड़ी संख्या में गुमठीधारी मौजूद थे।

कार्यालय भोपाल विकास प्राधिकरण

क्रमांक 525 ज.सं./भो.वि.प्रा./ 23 भोपाल, दिनांक 03/01/2023

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि प्राधिकरण इंद्रपुरी योजना स्थित भूखण्ड 61 सेक्टर बी आवंटी श्री बेजू जांन, श्री बीनू जॉन एवं श्रीमती सुमन साकरे पुत्रगण/पुत्री स्व. श्री पी.जी. योहनान के संयुक्त नामों पर अंकित है। संयुक्त आवंटियों में से श्री बीनू जॉन एवं श्रीमती सुमन साकरे द्वारा अपना मुख्तारआम श्री बैजु जॉन आत्मज स्व.श्री पी.जे. योजनान को नियुक्त किया गया है। मुख्तारनामा दि. 25.05.2019 को एवं दिनांक 13.07.2018 को पंजीकृत कराया गया है। पंजीकृत मुख्तारनामों के आधार पर श्री बैजु जॉन उक्त भूखण्ड का विक्रय श्री रामनारायण गिरी आत्मज श्री राम सकल गिरी को करना चाहते है जिस हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत कर हस्तांतरण अनुमति जारी करने का निवेदन किया है।यदि उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अन्दर लिखित एवं साक्ष्य/दस्तावेजो के साथ के साथ इस कार्यालय को अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। उक्त समयावधि के पश्चात कोई भी दावा/ आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

राजस्व अधिकारी

प्रत्येक कार्यकर्ता नए जोश के साथ हर बूथ पर सक्रियता से करे काम - जिलाअध्यक्ष डॉ .किरार

बरेली। नए साल के साथ 2023 का आगाज हुआ है चुनावी वर्ष 2023 में सत्ता संगठन और कार्यकर्ता सक्रियता के साथ नजर आएंगे भारतीय जनता पार्टी के रायसेन जिला अध्यक्ष डॉ जयप्रकाश किरार ने कहा कि यह चुनावी वर्ष है कार्यकर्ताओं को नए वर्ष की शुभकामनाएं और 2023 में प्रत्येक कार्यकर्ताओं को नए जोश के साथ हर बूथ पर सक्रियता के साथ काम करने की जरूरत है जिलाध्यक्ष ने कहा कि हमने प्रत्येक बूथ को मजबूती दी है और तकनीकी के दौर में बूथ को डिजीटल बनाया। अब हम सुघोष के माध्यम से जिले के मंडलों के प्रत्येक बूथ पर सोशल मीडिया और आईटी विभाग के युवा कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण कर रहे हैं। श्री किरार ने कहा कि हमारी टीम ने जो मेहनत की है, उसके कारण आज हम आईटी के क्षेत्र में पूरे भारत में अग्रणी स्थान पर हैं। तकनीकी, गरीब कल्याण की योजनाओं और संगठन तंत्र के कार्यविस्तार के साथ भाजपा प्रत्येक बूथ के सुदृढ़ीकरण के लिए आगे बढ़ रही है।

जिला अध्यक्ष जयप्रकाश किरार ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ के भावी मुख्यमंत्री वाले पोस्टर पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि सपने कोई भी देख सकता है और इसमें बुराई भी नहीं है। लेकिन मुख्यमंत्री कौन बनेगा, सरकार किसकी बनेगी? ये प्रदेश की जनता तय करती है।

कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल

यांत्रिकी विभाग मुख्यालय गोविंदपुरा (बी.एच.ई.एल)
निविदा आमंत्रण घोषणा पत्र

क्र. 908/यां. वि./2023 भोपाल दिनांक03.01.2023

निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु दो लिफाफा पद्धति के अनुसार म.प्र. लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीकृत व्यवस्था के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदार पर्सेटेज मोहर बंद निविदाये निर्धारित प्रपत्र पर ऑनलाईन आमंत्रित की जाती है।

क्र.	ऑनलाईन निविदा क्रं.	कार्य का नाम	अनुमानित राशि	धरोहर राशि	प्रपत्र राशि	कार्य हेतु निर्धारित एस.ओ.आर	कार्य की अविध
1	2022_ UAD _ 214910_3	ASPHALTING WORK AT 12 MAHEL APPROH DIFFRENCE ROAD AT WARD NO.10 Z-02	718795/-	7188/-	2000/-	MPUADD ISSR 2021	01 Months

1. Interested bidders can view the NIT on website https://www.mptenders.gov.in/
2. The Bid Document can be purchased only online from 10:30A.M. (time) 04.01.2023 (date) to 17:30P.M. (time) 10.01.2023(date).
3. Amendments to NIT (if any) would be published on website https://www.mptenders.gov.in/only, and not in newspaper.The initial period of 5(Five) year after completion shall be treated as Defect Liability Period (DLP)

Executive Engineer
Municipal Corporation Bhopal District Bhopal

नि.क्र. 1196/022/023

नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के संचालन हेतु प्रशिक्षण सम्पन्न

छतरपुर। जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण छतरपुर द्वारा नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु जिला स्तर पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी, डीपीसी, प्राचार्य, टीसीएस इंदौर के प्रतिनिधि एवं नीति आयोग के सदस्य उपस्थित रहे।

प्रशिक्षण में जिले के समस्त बीआरसी बीएसी, विकासखंड सह समन्वयक, एपीसी को प्रशिक्षित किया गया जो 4 जनवरी 23 को विकासखंड स्तर पर सीएसी एवं संकुल सहसमन्वयक को प्रशिक्षित करेंगे। यह प्रशिक्षक 5 तारीख को संकुल स्तर पर प्रधान अध्यापकों को प्रशिक्षण देंगे जो 6 तारीख को ग्राम स्तर पर समस्त अक्षर साथियों को पढ़ाने की पद्धति से अवगत कराएंगे।

जेसीआई स्वर्णा ने किया विश्व विजेता बेटी का सम्मान

शिवपुरी- जेसीआई शिवपुरी स्वर्णा द्वारा होटल पीएस रेसीडेंसी में न्यूजीलैंड में कॉमनवेल्थ पावरलिफ्टिंग कंपटीशन में %चार गोल्ड मेडल% विजेता शिवपुरी की बेटी मुस्कान शेख का सम्मान किया गया। मुस्कान ने कहा कि आप अपने बच्चो को आगे बढ़ने से रोकें नही बल्कि उनको कुछ करने के लिए बढ़ावा दें,उनकी जिस में रुचि है उस काम को करने की अनुमति दे,उनको सपोर्ट करें और उनका मार्गदर्शन करें ताकि वह अपनी क्षमताओं को बढ़ाकर देश के लिए कुछ बड़ा कर सकें। स्पोर्ट्स ही नहीं हर क्षेत्र में संभावनाएं हैं बस जरूरत है हमको अपने बच्चों की काबिलियत को पहचानने की और उन्हें सही दिशा देने की।मुस्कान के पिता मोहम्मद दारा खान ने कहा कि देश का भविष्य आपके हाथों में हैं आपको अपने बच्चों को पहचानते हुए उनको सपोर्ट करना है और उनकी हर एक्टिविटी पर नजर रखना है अच्छे काम को प्रोत्साहित करना है और गलतियों पर डांटना भी आवश्यक है।

जेसीआई अध्यक्ष जेसी प्रियंका शिवहरे ने मुस्कान का स्वागत करने के बाद कहा कि मुस्कान

की उपलब्धि से हम गौरवान्वित हैं।

कार्यक्रम में सचिव जेसी आरती जैन , आईपीपी जेसी आशु अग्रवाल , कोषाध्यक्ष जेसी रुचि मंगल , जेसी स्मिता सिंघल , जेसी रस्मी गोयल ,जेसी तनुजा गर्ग , जेसी प्रियंका सोनी , जेसी सरला वर्मा , जेसी बबिता अग्रवाल , जेसी अंजना अग्रवाल , जेसी संध्या मित्तल , जेसी रिजवाना खान , जेसी भारती सोनी , जेसी दीपिका सक्सैना, जेसी चेतना गुप्ता , जेसी संतोष गुप्ता , जेसी सोनिया बोबल, जेसी अंजू कुशवाह , जेसी अंशु अग्रवाल , जेसी बबिता बिंदल ,जेसी सुनीता दहिया , जेसी सपना शर्मा , जेसी माधवी सोनी ,जेसी नीता श्रीवास्तव, जेसी कुसुमलता राठौर , जेसी नीतू शिवहरे , जेसी निशा गोयल , जेसी प्रियंका सोनी आदि शामिल रहे।

कार्यालय नगर पालिका परिषद खरगोन जिला खरगोन(म.प्र.)

दूरभाष (कोड-07282)231333 फैक्स -21353- E-mail-comkhargone@gmail.com
निविदा सूचना क्रमांक/1342/MCK/ई-टेंडर/2022-23 खरगोन, दिनांक 31.12.2022
द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पालिका परिषद खरगोन द्वारा समस्त एजेंसी/प्राईवेट फर्मो/ निर्माता/कंपनी को सूचित किया जाता है कि नगर के सिवरेज लाईन एवं चेम्बरों की सफाई कार्य हेतु जेटींग रोडिंग एण्ड ग्रेविग मशीन एवं उसमें लगने वाले समस्त प्रकार के एक्यूपमेंट मय वाहन क्रय किये जाने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखनीय कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

टेंडर नं.	कार्य का नाम	अनुमानित राशि (रु. लाख में)	अमानत राशि रुपये	निविदा प्रपत्र का मूल्य रु.
2022_UAD_ 241372_1	नगर के सिवेज लाईन एवं चेम्बरों की सफाई कार्य हेतु जेटींग रोडिंग एण्ड ग्रेबिग मशीन एवं उसमें लगने व ाले समस्त प्रकार के एक्यूपमेंट मय वाहन सहित संलग्न स्पेशिफिकेशन अनुसार क्रय करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।	35.00	26250	5000/ Processing Fess

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाईन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेंडर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करने एवं सबमिट करने की तिथि 31-12-2022 से 16-01-2023 सायं 5:30 बजे तक निर्धारित है। विस्तृत एनआईटी एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट मे देखी जा सकती है।

छाया जोशी
अध्यक्ष
न. पा. परिषद, खरगोन

श्रीमति पूजा जितेन्द्र चौपड़ा
सभापति स्वच्छत एवं ठोस अपशिष्ठ प्रबधन
न. पा. परिषद खरगोन

मुख्य नगरपालिका
अधिकारी
न. पा. परिषद, खरगोन

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने स्मार्ट सिटी उद्यान में खिरनी ,जंगल जलेबी और कैसिया सामिया के पौधे लगाए।

हमारे पास भाजपा नेताओं और संघ कार्यकर्ताओं के तमाम अश्लील वीडियोः गोविंद सिंह

भोपाल। मध्य प्रदेश में अश्लील सीडी कांड ने एक बार फिर राजनीतिक हलकों में गर्मी पैदा कर दी है। पूर्ववर्ती कमलनाथ सरकार के समय उजागर हुए अश्लील सीडी कांड को अब विपक्ष में बैठी कांग्रेस भुनाने के मूड में दिख रही है। नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह के बयान के बाद ऐसा ही लग रहा है। दरअसल, मंगलवार को नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह ने एक बार फिर दावा किया है कि हमारे (कांग्रेस) के पास बीजेपी नेताओं, मंत्री, विधायकों और आरएसएस कार्यकर्ताओं के तमाम अश्लील वीडियो और सीडी हैं। नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह का यह बयान तब आया है जब सरकार ने कांग्रेस विधायक सुनील सराफ के खिलाफ कार्रवाई की है।

दरअसल, पिछले दिनों अनूपपुर के कोतमा से विधायक सुनील सराफ एक सार्वजनिक कार्यक्रम में बंदूक लहराते हुए दिखाई दिए थे। इसके बाद सरकार ने उन पर कार्रवाई के आदेश दिए हैं। कांग्रेस नेताओं में इसी बात को

लेकर सरकार के खिलाफ गुस्सा है। यही कारण है कि नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह ने भाजपा पर हमला बोला।

डॉक्टर गोविंद सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेताओं का जैसा चाल चरित्र है, वैसा कांग्रेस के नेताओं का नहीं है। भाजपा के कई नेता, मंत्री और विधायकों की सीडी हमारे पास मौजूद है। आरएसएस के भी कई ऐसे लोग हैं जिनकी सीडी हमारे पास है, लेकिन किसी भी व्यक्ति के ऊपर इस तरह के आरोप लगाना हमारी संस्कृति में नहीं है।

हर्ष फायर में क्या आपत्ति है– नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि विधायक सुनील सराफ ने हर्ष फ़ायर किया है, उन्होंने कोई अपराध नहीं किया है। ये कोई आपत्तिजनक बात नहीं होती। अपराधियों को सजा ही देनी है तो बीजेपी को हनीट्रैप में शामिल लोगों की जांच कराकर सजा दिलानी चाहिए।

भाजपा का पलटवार– मध्य प्रदेश भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के पास साक्ष्य है तो जांच एजेंसियों को उपलब्ध कराएं। ब्लैक मेलिंग की राजनीति बंद करें। हनी ट्रैप की पुलिस जांच कर रही है। ऐसे में वह अपने पास साक्ष्य होने की बात कर रहे हैं। अगर उनके पास कोई भी सबूत है तो जांच एजेंसियों को उपलब्ध कराएं।

अजूनी बायोटेक ने अपनी योजनाओं का विस्तार किया

नई दिल्ली एजेंसी। अजूनी बायोटेक लिमिटेड (एनएसई - अजूनी) - अग्रणी कंपनियों में से एक, जो आईएसओ और जीएमपी प्रमाणित है तथा पशु स्वास्थ्य समाधान और पशु चारा सप्लिमेंट्स में लगी हुई है, द्वारा वैश्विक बाज़ारों में अजूनी ब्रांड का विस्तार करने के उद्देश्य से, नेपाल को अजूनी पशु चारा की आपूर्ति के लिए अपना पहला निर्यात आदेश निष्पादित किया है। कंपनी ने पशुओं के सर्वोत्तम पोषण और डेयरी किसानों की लाभप्रदता को अधिकतम करने के लिए नेपाल, भूटान के अर्ध पहाड़ी क्षेत्रों की पशु प्रजातियों की विशिष्ट भोजन आवश्यकताओं के लिए उपयुक्त एक अनूठा उत्पाद विकसित किया है। कंपनी अपने मार्केटिंग नेटवर्क को अफ्रीकी महाद्वीप, दक्षिण एशिया और मध्य पूर्वी जैसे अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में प्रवेश करने की सभी संभावनाएं भी तलाश रही है। अजूनी बायोटेक लिमिटेड भारत सरकार से ज़ेड (श्रेष्ठ) प्रमाणन प्राप्त करने वाली पहली भारतीय पशु चारा निर्माण कंपनी बन गई है।

अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय की सार्वजनिक व्याख्यान श्रृंखला में आर्थर ईसेनक्राफ्ट की प्रस्तुति होगी

भोपाल। अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय सार्वजनिक व्याख्यान 2023 के श्रृंखला के पहले कार्यक्रम में श्री आर्थर ऐसेनक्राफ्ट शामिल होंगे। 7 जनवरी को भोपाल में ये कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है 7 आर्थर एसेनक्राफ्ट विश्व स्तर पर प्रसिद्ध मेसाचुसेट्स, बोस्टन विश्वविद्यालय में विज्ञान शिक्षक हैं और भौतिकी के प्रतिष्ठित प्रोफेसर भी रहे हैं और डायरेक्टर ऑफ़ सेंटर ऑफ साइंस एंड मैथ इन कॉन्टेक्स्ट (सीओएसएमआईसी) हैं। ऐसेनक्राफ्ट स्पोर्ट्स ऑन द मून के विषय पर व्याख्यान देंगे 7 चंद्रमा पर खेले जा सकने वाले खेल को बनाने और अपनाने में आने वाली चुनौतियों का विवरण और कैसे यह समस्या-आधारित शिक्षा विज्ञान निर्देश में सुधार कर सकती है, इस विषय पर व्याख्यान होगा।

स्टारप्लस का तेरी मेरी डोरियां लॉन्च के लिए है तैयार

नई दिल्ली, एजेंसी। स्टारप्लस ने हमेशा दिलचस्प और एंटरटेनिंग कहानियों के साथ दर्शकों का एंटरटेनमेंट किया है। नए शो के साथ, नई इनोवेटिव कहानियां के साथ नए कॉन्सेप्ट, स्टारप्लस एक ऐसा चैनल है जिसने दर्शकों के दिलों में एक खास जगह बनाई है। स्पेशल स्टोरीज को लॉन्च करने की होड़ को आगे बढ़ाते हुए, यह अपने आने वाले शो तेरी मेरी डोरियां के लॉन्च के लिए पूरी तरह तैयार है, जो पंजाब के दिल में बसा एक और आकर्षक शो है जिसमें प्यार और रिश्तों की अलग अलग कहानियां शामिल हैं। यह आज शाम 7 बजे रिलीज होने के लिए पूरी तरह से तैयार है। इस शो ने अपनी घोषणा के बाद से ही अपने लुभावने प्रोमोज के साथ जनता का ध्यान खींचा है।

एचडीएफसी बैंक ने अपनी डिजिटल परिवर्तन यात्रा के हिस्से के रूप में माइक्रोसॉफ्ट के साथ साझेदारी की

मुंबई, एजेंसी। एचडीएफसी बैंक, भारत का सबसे बड़ा निजी क्षेत्र का बैंक, अपनी डिजिटल परिवर्तन यात्रा के अगले चरण में माइक्रोसॉफ्ट के साथ साझेदारी कर रहा है और एप्लिकेशन पोर्टफोलियो को बदलकर व्यावसायिक मूल्य अनलॉक कर रहा है, डेटा परिदृश्य का आधुनिकीकरण कर रहा है और माइक्रोसॉफ्ट क्लाउड के साथ उद्यम को सुरक्षित कर रहा है।एचडीएफसी बैंक अपनी फ्यूचर रेडी स्ट्रेटेजी के एक हिस्से के रूप में घरेलू आईपी विकसित कर रहा है और साथ ही फिनटेक सहित कई कंपनियों के साथ साझेदारी कर रहा है ताकि प्रौद्योगिकी आईपी का सह-निर्माण किया जा सके।बैंक एंटरप्राइज़ रिपोर्टिंग में अपनी प्रबंधन सूचना प्रणाली और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग करके उन्नत एनालिटिक्स को स्केल करने के लिए फ़ेडरेटेड डेटा लेक के माध्यम से अपने एंटरप्राइज़ डेटा परिदृश्य को समेकित और आधुनिक बनाने के लिए माइक्रोसॉफ्ट एज़्योर का लाभ उठाएगा।

अपने एंटरप्राइज़ डेटा परिदृश्य को समेकित और आधुनिक बनाने के लिए माइक्रोसॉफ्ट एज़्योर स्टैक का लाभ उठाना

नयी दिल्ली, एजेंसी। कमी लाने में लोगों की मदद करना है। इससे लोगों को पर्यावरण सचेत जीवनशैली के माध्यम से अधिक पर्यावरण अनुकूल एवं सस्टेनेबिल जीवन की ओर बढ़ने में मदद मिलेगी। इस अभियान में शामिल होने में यूज़र्स के प्रयासों की सराहना करने और उनके कार्बन उत्सर्जन को समझने के लिए यह ऐप अंत में एक प्रमाण पत्र डाउनलोड करने का भी विकल्प देती है। ग्लोबल वार्मिंग को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करना पेरिस समझौते का मुख्य लक्ष्य था, आईपीसीसी की हाल की रिपोर्ट में इस बात पर जोर दिया गया है कि वर्ष 2030 तक वैश्विक स्तर पर ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम से कम 43 प्रतिशत घटाना होगा।

किम्बर्ली-क्लार्क ने अपने मशहूर डायपर ब्रांड हगीज़ को नयी हगीज़ कम्पलीट कम्फर्ट0 श्रेणी के साथ भारत में फिर से लॉन्च किया

मुंबई एजेंसी। किम्बर्ली क्लार्क ने भारत में हगीज़ कम्पलीट कम्फर्ट0 को फिर से लॉन्च करते हुए अपने मशहूर ब्रांड हगीज़ की पूरी तरह से नयी पहचान भी प्रस्तुत की है। उपभोक्ताओं की पसंद और ज़रूरतों के बारे में किए गए व्यापक शोध के आधार पर फिर से लॉन्च की गयी श्रेणी में ब्रांड ने 1 में 5 आराम के प्रमुख प्रस्ताव पर ध्यान केंद्रित किया है, जिसमें कोमलता और सोख लेने की क्षमता जैसी विशेषताएं शामिल हैं। ब्रांड की प्रमुख विशेषताओं और उनसे उपभोक्ताओं को मिलने वाले लाभों को रेखांकित करने वाली पूरी श्रेणी में अपने पैकेजिंग डिज़ाइन के ज़रिए ब्रांड पूरी तरह से नयी विज्युअल भाषा अपनाने जा रहा है। रीलॉन्च के अवसर पर हगीज़ ने अपना नया कैम्पेन वी गॉट यू, बेबी भी शुरू किया है जिसमें ब्रांड ने शिशुओं के लिए इस दुनिया को और अभी ज़्यादा आरामदेह बनाने का वादा किया है।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 28 वी आईईएस डीजियाना इंटर प्रेस क्रिकेट टूर्नामेंट 2023 का शुभारंभ किया।

सीएम हेल्पलाइन अब आटो ट्रांसफर नहीं होंगी

शिकायतों के निराकरण में रतलाम जिला टॉप टेन में पंहुचा

भोपाल। सीएम हेल्पलाइन में कम्प्लेन करने के बाद अब अगर किसी व्यक्ति की समस्या का निराकरण समय पर नहीं होता तो उसकी कम्प्लेन लेवल 4 वाले अफसरों के लिए अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव और विभागाध्यक्ष स्तर पर आटो ट्रांसफर नहीं होगी। सीएम हेल्पलाइन साफ्टवेयर में यह सुविधा बंद कर दी गई है। इन अफसरों की जिम्मेदारी कम करने के लिए सिस्टम में मैनुअल एसकैलेशन सुविधा शुरू कर दी है। इसका असर यह होगा कि शासन स्तर पर अब वरिष्ठ अधिकारियों के लेवल पर कम्प्लेन पेंडिंग होने के बाद भी जिम्मेदारी तय नहीं की जा सकेगी।

आमजन में लोकप्रिय बनी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की महत्वपूर्ण परिकल्पनाओं में से एक सीएम हेल्पलाइन की ओर से व्यवस्था जो व्यवस्था अब तक प्रभावी रही है उसके अनुसार किसी भी व्यक्ति की समस्या का निराकरण समय सीमा में नहीं हो पाने पर कम्प्लेन आटोमेटिक हायर लेवल पर शिफ्ट हो जाती थी। इसका असर यह होता था कि सीनियर अफसरों तक कम्प्लेन पेंडिंग दिखने पर वे मैदानी अफसरों को निराकरण के लिए दबाव बनाते थे और लोगों की समस्याओं का निराकरण होता था। अब इस व्यवस्था में बदलाव कर दिया गया है। इसके मुताबिक जिला स्तर से शासन स्तर पर लेवल वन से लेवल 2, लेवल 3 के जरिये समय पर निराकरण न होने के बाद भी कम्प्लेन लेवल 3 के आगे नहीं जा सकेगी। ऐसे में लेवल 4 में आने वाले शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों को इसकी कम्प्लेन निराकरण के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा।

नीतिगत विषय तो ही ट्रांसफर

सीएम हेल्पलाइन सिस्टम में किए गए बदलाव के अनुसार लेवल 3 से लेवल 4 में कम्प्लेन तभी मैनुअल ट्रांसफर की जा सकेगी जब नीतिगत विषय से संबंधित शिकायत हो जिसमें जिला स्तर के अधिकारी निर्णय लेने में सक्षम न हों। ऐसी शिकायत हो जिसमें राज्य से बजट की मांग की गई है। साथ ही ऐसे तकनीकी मामले हो जिनका निराकरण राज्य या केंद्र से संबंधित हो। इसके अलावा ऐसे कई विशेष मामले जिनमें राज्य का अभिमत जरूरी हो। लेवल 3 अधिकारी की जिम्मेदारी यह होगी कि वह शिकायतों को लेवल 4 पर ट्रांसफर कने के पहले उसका परीक्षण करेंगे कि यह लेवल 4 पर ही निराकृत होगी। जो कम्प्लेन लेवल 3 से लेवल 4 पर समय सीमा में ट्रांसफर नहीं की जाएंगी, उन्हें समाधान कार्यक्रम में शामिल किए जाने की तैयारी है।

हाईकोर्ट ने नागरी प्रशासन सहित कलेक्टर सागर तथा प्रशासक से हाईकोर्ट ने माँगा जबाब, कुशल श्रमिक को अकुल श्रमिक मे स्थाई किए जाने का मामला

जबलपुर। नगर पालिका खुरई जिला सागर मे 20 वर्षो से अधिक समय से कार्यरत कुशल दैनिक वेतन भोगी, कर्मचारियों को 2018 मे अकुशल श्रमिक श्रेणी मे स्थाई किए जाने के विरोध मे कर्मचारियों द्वारा श्रम न्यायलय सागर मे प्रकरण दाखिल किया गया श्रम न्यायलय ने उक्त समस्त प्रकारणों को यह कहते है ख़ारिज कर दिया गया की सम्वधित श्रमिकों द्वारा स्थाईकरण की प्रक्रिया के समय कोई आपत्ति दर्ज नहीं की गई थी तब समस्त श्रमिकों द्वारा अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर के माध्यम से हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर स्थाईकरण आदेश तथा श्रम न्यायलय के आदेश की संवैधानिकता को चुनोती दीं गई!

उक्त याचिका की सुनवाई जस्टिस विवेक अग्रवाल की न्यायलय द्वारा की गई अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर द्वारा बताया गया की याचिका कर्ताओ को 1997 तथा 2005 मे दैनिक वेतन पर कुशल श्रमिक के रूप मे पम्प चालक के पद पर नियुक्त किया गया था, मध्य प्रदेश शासन की पालिसी 2016 के तहत दैनिक वेतन भोगियो को उनके मूल पद पर नियमित तथा स्थाई करना था उक्त पालिसी का नगर पालिका खुरई द्वारा उल्लघन करके याचिका कर्ताओ को कुशल से अकुशल श्रमिक मे परिवर्तित करके स्थाई किया गया है! जबकी याचिका कर्ताओ की ग्रिडशन लिस्ट दिनांक 01.4.2016 मे कुशल श्रमिक के रूप मे नगर पालिका खुरई द्वारा प्रकाशित की गई है! अधिवक्ता ने याचिका कर्ताओ द्वारा किए जाने बाले कार्य को कुशल श्रमिक की श्रेणी मे दर्ज होने का किए जाने से सम्वधित राज्य सरकार का राजपत्र दिखाया गया !

अधिवक्ता के उक्त तर्कों को गंभीरता पूर्वक बिचार करते हुए राज्य शासन सहित, कलेक्ट्रर सागर, मुख्य पगड़ी पालिका अधिकारी खुरई को नोटिस जारी कर की गई त्रुटि के सम्वन्ध मे जबाब तलब किया है! प्रकरण की अगमी सुनवाई फ़रवरी के सेकेण्ड सप्ताह मे नियत की गई गई!

लोकायुक्त ने टीआई को रिश्वत लेते पकड़ा, चकमा देकर भागी, आरक्षक को पकड़ा!

पन्ना। नए साल की शुरुआत में देवेंद्र नगर की टीआई ज्योति सिकरवार व पुलिस आरक्षक अमर सिंह को सागर लोकायुक्त ने 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। इस दौरान टीआई ज्योति लोकायुक्त के अधिकारियों को चकमा देकर भाग गई। लेकिन, लोकायुक्त टीम ने कार्रवाई जारी रखते हुए आरक्षक को गिरफ्तार कर लिया।

जिले के देवेंद्रनगर थाना प्रभारी ज्योति सिकरवार ने विनोद यादव निवासी ग्राम खमरिया से मारपीट के मामले में धाराएं बढ़ाने व फरियादी के पक्ष के लोगों को मामले में रियायत देने के एवज में 60 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी। जिसमें फरियादी विनोद यादव ने 10 हजार रुपए की पहली किश्त आरक्षक अमर सिंह के माध्यम से पहले ही दे दी थी।

आरक्षक के माध्यम से थाना प्रभारी 50 हजार की मांग कर रही थी। जिससे परेशान युवक ने सागर लोकायुक्त एसपी रामेश्वर सिंह यादव के कार्यालय में शिकायत की। फिर 1 जनवरी की शाम जब सभी नववर्ष मना रहे थे। तभी थाना देवेंद्र नगर में लोकायुक्त की टीम का छापा पड़ा। जिसके बाद थाना परिसर में बने टीआई के आवास में फरियादी से टीआई और आरक्षक को 50 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया।

भागमभाग के बीच मारपीट की भी नौबत आई, लेकिन कार्रवाई चलती रही। 1 जनवरी की रात्रि देवेंद्रनगर थाना परिसर लोकायुक्त की कार्रवाई से भागमभाग व बात विवाद का अखाड़ा बन गया। ट्रेप करने के दौरान पहले आरक्षक अमर फरियादी से रिश्वत के लिए रकम लेकर भाग गया।

कलर्स के आगामी फिक्शन शो 'जुनूनियत' में अंकित गुप्ता, गौतम सिंह विग और नेहा राणा निभायेंगे मुख्य भूमिकायें

मुंबई एजेंसी। कहा जाता है कि संगीत दुनियाभर के लोगों की सार्वभौमिक भाषा है, जिसका जादू शब्दों से परे है। कलर्स के आगामी फिक्शन शो 'जुनूनियत' में संगीत और प्रेम की इसी बेमिसाल ताकत को दिखाया गया है। इस शो में दर्शकों को तीन आकांक्षी और जुनूनी सिंगर्स का सफर देखने को मिलेगा। पंजाब की पृष्ठभूमि पर आधारित इस शो में अंकित गुप्ता, गौतम सिंह विग और नेहा राणा क्रमश–जहान, जॉर्डन और इलाही की मुख्य भूमिकाओं में होंगे। सरगुन मेहता और रवि दुबे के ड्रीमीयता एंटरटेनमेन्ट द्वारा निर्मित, इस शो में पंजाब का संगीत से गहरा जुड़ाव और वहाँ की बेजोड़ प्रतिभा दिखाई गई है। जुनूनियत इलाही, जहान और जॉर्डन की कहानी है, जो अपने-अपने म्यूजिक स्टाइल्स को बहुत पसंद करते हैं और ये स्टाइल्स एक-दूसरे से अलग हैं और जब ये तीनों मिलते हैं, तब उनकी कोशिशें उन्हें एक रोचक मोड़ पर ले आती हैं। क्या संगीत उनके घावों को भरेगा और उनकी गलतियों को ठीक करेगा क्या होगा, जब उनके सपने टकराएंगे।

अपर कलेक्टर की कार पलटी, हालत नाज़ुक

नौगांव। अपर कलेक्टर संजीव खेमरिया (ग्वालियर) जो कि बागेश्वर धाम से दर्शन कर लौट रहे थे,की कार को आगे चल रहे ट्रक ने कट मार दिया। जिससे कार अनियंत्रित हो गई और पलट गई। जिससे कार में सवार सभी 7 लोग फंस गए। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस और राहगीरों की मदद से कार को सीधा किया और फंसे लोगों को वाहन से निकाला गया।

जानकारी के अनुसार नौगांव थाना क्षेत्र के चौबारा गांव के फोरलेन पुल पर मंगलवार को देर शाम करीब 7-8 बजे बागेश्वर धाम से लौट रहे कार सवार ग्वालियर के अपर कलेक्टर 40 वर्षीय संजीव खेमरिया की कार को आगे चल रहे ट्रक ने कट मार दिया। जिससे कार अनियंत्रित हो गई और पलट गई। घटना को देख इसकी जानकारी लोगों ने पुलिस को दी। जिसके बाद पहुंची पुलिस ने राहगीरों की सहायता से कार को सीधा कराया और कांच को तोड़कर कार में फंसे अपर कलेक्टर, उनकी पत्नी, 1 साल का पुत्र और श्रीनाथ मिश्रा पिता लक्ष्मीनारायन मिश्रा, जयसिंह पिता पंचम सिंह, प्रमोद शर्मा पिता हरिप्रसाद शर्मा, लवलेश चतुर्वेदी पिजा सतीष चतुर्वेदी को बाहर निकाला। जिसके बाद सभी को 108 एंबुलेंस और पुलिस वाहनों से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां पर सभी का प्राथमिक उपचार किया गया।

वहीं अपर कलेक्टर की हालात नाजुक होने पर उन्हें डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज ग्वालियर के लिए रेफर किया है। बताया जा रहा है कि इस घटना में अपर कलेक्टर की पत्नी और पुत्री को एक भी चोटें नहीं आई हैं।

थाना प्रभारी श्री शेषा की सक्रियता से लाखों का चोरी का माल बरामद , आरोपी गिरफ्तार

शाजापुर। पुलिस अधीक्षक जगदीश डाबर के निर्देशन में आरोपियों की धरपकड़ अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक टी एस बघेल एसडीओपी श्रीमती दीपा डोडवे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अवशेष कुमार शेषा द्वारा अलग अलग टीमें गठित की गयी इस प्रकार कोतवाली शाजापुर पुलिस को मिली बड़ी सफलता ट्रैक्टर चौरी , टावर की बैटरीया चौरी , पानी की मोटर तांबे के तार सहित लाखों का माल बरामद करने में सफलता प्राप्त हुई है. शाजापुर के गवली मोहल्ले से दिनांक 15/11/22 को रात्रि में ट्रैक्टर महिंद्रा 575 चोरी हुआ था जो पुलिस की टीम एसआई रविता चौधरी आरक्षक शैलेंद्र गुर्जर आरक्षक शैलेंद्र शर्मा द्वारा महिंद्रा 575 डीआई कंपनी का ट्रैक्टर कीमती 6 लाख का बरामद आरोपी प्रिंस अग्निहोत्री पिता अखिलेश अग्निहोत्री निवासी कन्नौज उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया गया। इसी तरह ग्राम लाहोरी से चोरी की गई पानी की मोटरे व तांबे के तार की चोरी की रिपोर्ट प्राप्त होने पर पुलिस एसआई अंकित इटावतीया , आरक्षक संजय पटेल आरक्षक हेमेंद्र आरक्षक जितेंद्र जाटव के द्वारा 25 किलो तांबे का तार 10 किलो बुज आरोपीयान यशवंत उर्फ ईश्वर पिता राजाराम गंगवाल उम्र 30

वर्ष निवासी लाहोरी , राजेश पिता गुरु लाल अहिरवार निवासी लाहोरी , अर्जुन पिता मणि शंकर अहिरवार निवासी लाहोरी को पकड़कर पूछताछ कर कुल कीमती 85000 का माल बरामद किया गया। इसी प्रकार एक बड़ा गिरोह जो टावर की बेटियां चोरी करता है को भी थाना कोतवाली के थाना प्रभारी अवधेश कुमार शेषा एसआई घनश्याम बैरागी आरक्षक कपिल नागर आरक्षक मिथुन आरक्षक शैलेंद्र गुर्जर , आरक्षक शैलेंद्र शर्मा , सैनिक शुभम नागर द्वारा आरोपी भूपेंद्र पिता प्रभु सिंह राजपूत उम्र 22 निवासी सनावड़ा दीप सिंह पिता शिव सिंह राजपूत निवासी भदोनी बलवान सिंह पिता केसर सिंह राजपूत निवासी भदोनी इलियास पिता मुबारिक खान उम्र 36 निवासी तालाब की पाल शाजापुर को गिरफ्तार किया गया वह उनसे 22 बैटरी आइडिया टावर की काशी नगर व हॉट मैदान की बरामद की गई जो कार्रवाई लगातार जारी है। समस्त कार्यवाही में थाना प्रभारी अवधेश कुमार शेषा , एसआई रविता चौधरी . शैलेंद्र गुर्जर आरक्षक शैलेंद्र शर्मा , आरक्षक एसआई अंकित इटावतीया एसआई घनश्याम बैरागी आरक्षक कपिल नागरआरक्षक मिथुनसानक शुभम नागर , आरक्षक संजय पटेल टीमों द्वारा प्रथक प्रथक चोरी किया माल पानी की मोटर 4 , आरक्षक हेमेंद्र आरक्षक जितेंद्र जाटव 25 किलो तांबे का तार 10 किलो भूज 22 बैटरी आइडिया टावर की व ट्रैक्टर कुल कीमती 9 लाख का माल बरामद किया गया।

एसरी इंडिया ने कार्बन फुटप्रिंट अवेयरनेस ऐप लांच किया

यह ऐप जलवायु परिवर्तन और कार्बन उत्सर्जन में कमी के उपायों की जागरूकता फैलाएगा

नयी दिल्ली, एजेंसी। भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) सॉल्यूशंस की अग्रणी कंपनी एसरी इंडिया ;म्ेतप प्दकपंद्ध ने व्यक्तिगत स्तर पर कार्बन उत्सर्जन के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए हिंदी और अंग्रेजी में आज एक ऐप लांच किया। ष्कार्बन जागरूकष् या ष्ब्ंतइवद।ूंतमष् ऐप नागरिकों को उनके कार्बन उत्सर्जन का अनुमान लगाने और उसमें कमी लाने में समर्थ बनाता है। यह एप्लीकेशन इस्तेमाल में एकदम आसान है। इसमें यूज़र को लॉग इन करने की जरूरत नहीं पड़ती और साथ ही इसमें व्यक्तिगत सूचना नहीं डालनी पड़ती। यह घोषणा कार्बन को लेकर संवेदनशील व्यवहार के जरिये एक सस्टेनेबिल जीवनशैली को प्रोत्साहित करने के एसरी इंडिया के प्रयास का हिस्सा है। इस ऐप से सामुदायिक स्तर पर कार्बन उत्सर्जन के कारणों का अनुमान लगाने में मदद मिलेगी। एसरी इंडिया स्थानीय प्रशासन के साथ इस आंकड़े को साझा करने की योजना बना रही है ताकि वे नागरिकों को अवगत कराने के उपाय कर सकें। हर बार जब हम कार या विमान यात्रा करते हैं या एक इलेक्ट्रिकल एप्लायंस का उपयोग करते हैं तो ऐसी गैस उत्पन्न होती हैं जो ग्लोबल वार्मिंग को बढ़ावा देती हैं। यह ब्तइवद।ूतम ऐप एसरी इंडिया की एक पहल है जिससे प्रत्येक व्यक्ति को यह समझने में मदद मिलेगी कि हम व्यक्तिगत स्तर पर कितना कार्बन उत्सर्जन कर रहे हैं और इसे घटाने के लिए हम क्या कर सकते हैं।

दादाजी मौनी महाराज पंचतत्व में विलिन

छिंदवाड़ा। चैतन्य कुटी श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर नई आबादी के संस्थापक दादाजी श्री मौनी महाराज का कल शिवलोक गमन (स्वर्गवास)हो गया। उनकी अंत्येष्ठी में भारी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

दादाजी का जन्म 21 जून 1923 में हुआ था उन्होने 19 वर्ष की आयु में मौन व्रत धारण किया, उसके बाद उन्हे मौनी महाराज के नाम से प्रसिद्ध हुये, वर्ष 1949 में गोंदिया के नागरा से छिंदवाड़ा आये थे, उन्होने 1952 से चैतन्य कुटी की स्थापना की जो सिद्धेश्वर महादेव मंदिर के नाम से जाना जाने लगा, दादाजी मौनी महाराज बाल ब्रम्हचारी थे, उन्होने विभिन्न तीर्थो की यात्रा पैदल की थी। भारी संख्या में लोगों ने अंत्येष्ठी में भाग लेकर उन्हें श्रद्धाजंलि अर्पित की।

साहू समाज के अध्यक्ष बने कलीराम साहू

छिंदवाड़ा । गांधीगंज के व्यवसायी आरती ट्रेडिंग कम्पनी के कलीराम साहू जिला साहू समाज के अध्यक्ष नियुक्त किये गये, निर्वतमान अध्यक्ष नरेन्द्र साहू ने उन्हें अपना पदभार सौंपा

पटवारी पर हेराफेरी का आरोपी

छिंदवाड़ा03जनवरी(जनपक्ष)। अमरवाड़ा निवासी मोहम्मद अशफाक और अहफाज ने ग्राम बॉकामुकासा के सचिव रामता पिता तोड़ेलाल चन्द्रवंशी, गोरी पति गुरूप्रसाद चन्द्रवंशी, पूर्व सरपंच, ज्ञानचंद यादव हल्का पटवारी पदस्थ छिंदवाड़ा एवं शेख जमील पिता शेख चॉद पर आरोप लगाया है कि इनके द्वारा उसके स्वामित्व की जमीन में हेराफेरी कर फर्जी दस्तावेज तैयार किये गये और आवेदक के स्व. पिताजी की कोई संतान नहीं होना बताया गया है, जबकि आवेदकगण अशफाक और अहफाज की दो संताने थी, और शेख अब्बास की मृत्यु होने पर उनकी भूमि में फौती दर्ज की जानी चाहिये जो न करके शेख अब्बास को लाऔलाद बताते हुये संपूर्ण भूमि में शेख जमील का नाम दर्ज कर दिया है, जिसकी शिकायत कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक सहित सी.एम. हेल्प लाईन में कर दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही की मांग की है ।

जिला अधिवक्ता संघ ने मनाया नववर्ष मिलन समारोह

छिंदवाड़ा । जिला अधिवक्ता संघ छिंदवाड़ा द्वारा नववर्ष मिलन समारोह किया गया। जिसमें जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष सत्येन्द्र कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष श्याम कुमार यादव, सचिव वीरेन्द्र पांडे, सहसचिव शक्ति कुमार पंड्या, वित्त सचिव हरीश माहोरे, पुस्तकालय सचिव जय राय एवं कार्यकारिणी सदस्यगण राहुल तिवारी, गोविन्द प्रसाद धारक, विक्रम सिंह ठाकुर, प्रतीक भारद्वाज, सोहन कुमार डेहरिया, विजय सिंह ठाकुर, प्रभु अहिरवार, मनोज श्रीवास एवं देवलाल विश्वकर्मा, एवं सभी वरिष्ठ एवं कनष्ठ अधिवक्तागण उपस्थित रहे। जिसमें मुख्य रूप से मुख्य अतिथि के रूप में जिला एवं सत्र न्यायाधीश जितेन्द्र कुमार शर्मा एवं प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय चन्द्रदेव वर्मा, विशेष न्यायाधीश राजीव आयाची एवं अन्य न्यायाधीशगण उपस्थित रहे।

खमरा से पुलिस ने 46 पांव अंग्रेजी शराब की जप्त, मामला दर्ज

बिछुआ । बिछुआ पुलिस थाना के अंतर्गत आने वाले ग्रामीण अंचलों में बिछुआ पुलिस थाना के पुलिस कर्मियों के द्वारा नए साल के प्रारंभ होते ही अवैध धंधों पर लगाम कसने के लिए धरपकड़ कार्रवाई शुरू कर दी गई है बीच में थाना प्रभारी श्रीमती पूर्वा चौरसिया ने जानकारी देते हुए बताया कि विभाग के निर्देश अनुसार क्षेत्र में लगातार गस्ती कर अवैध धंधों पर लगाम लगाने के लिए कार्रवाई की जा रही है। बिछुआ विकासखंड के ग्राम खमरा से आरोपी बंटी पिता राजू यादव उम्र 23 साल को अवैध 46 पांव अंग्रेजी शराब के पकड़ जाने पर आबकारी एक्ट की धारा 34(1) के तहत कार्रवाई की गई। कार्रवाई को अंजाम देने वाली टीम में थाना प्रभारी श्रीमती पूर्वा चौरसिया, सहायक उपनिरीक्षक रतिराम सिंह, प्रधान आरक्षक चंद्रशेखर सोनी, अरविन्द, आरक्षक मिथलेश साहू आदि का समावेश था।

5 जनवरी को मतदान केन्द्र पर होगा चुनाव पाठशाला

छिन्दवाड़ा । भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार एक जनवरी 2023 को निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन किया जाना है। इस संबंध में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, म.प्र. भोपाल के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश राज्य में पहली बार सभी बीएलओ को पाबंद किया गया है कि वे आगामी 5 जनवरी को अपने मतदान केन्द्र पर उपस्थित होकर चुनाव पाठशाला का आयोजन कर अपने मतदान केन्द्र की सूची का वाचन करें।अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी ओ.पी.सनोडिया ने बताया कि वाचन के दौरान बीएलओ द्वारा नये नाम जोडे गये व्यक्तियों, निरसित व्यक्तियों और जिनके नाम संशोधित किये गये हैं, की जानकारी से सभी संबंधितों को अवगत कराया जायेगा ।

तहसील के पास बाइक सवार ने टक्कर मारकर किया घायल

अमरवाड़ा । मंगलवार की शाम गैंदलाल पिता बडगु वर्मा तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक बाइक क्रमांक एमपी 28 एचडी 4295 के चालक रज्जू वर्मा ने टक्कर मारकर चोट पहुंचाकर घायल कर दिया घायल की रिपोर्ट पर बाइक चालक के विरुद्ध विवेचना में लिया गया।

सांसद कप क्रिकेट टूर्नामेन्ट का रंगारंग शुभारंभ कल से

खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के अनेक आकर्षक पुरस्कार रखे गए, हर दिन होंगे दो मैच, 23 दिन चलेगा मैच

छिंदवाड़ा. । सांसद कप क्रिकेट प्रतियोगिता का रंगारंग शुभारंभ 5 जनवरी से इंदिरा गांधी क्रिकेट मैदान में किया जा रहा है जिसमें जिले की 32 टीम भाग ले रही हैं। 23 दिनों तक प्रतिदिन दो टी20 मैच खेले जाएंगे। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रतियोगिता का समापन पुरूस्कार वितरण पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, सांसद नकुलनाथ और अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी की उपस्थिति में किया जाएगा। आयोजन समीति के पदाधिकारियों में मनीष पाण्डेय, एकलव्य आहके, सचिव आशीष त्रिपाठी सचिन वानखड़े ने पत्रकारों को जानकारी दी। पत्रकार वार्ता में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे, प्रदेश उपाध्यक्ष गंगातिवारी, जे.पी.सिंह सहित आयोजन समीति के पदाधिकारियों में रिंकु नैय्यर, रमेश चौहान, पिंचू बैस, उज्जवल सूर्यवंशी, रोहित बैस, बाबूलाल चौहान, अभिषेक वर्मा, टिनू धारू उपस्थित थे।

आयोजन समीति के अध्यक्ष मनीष पाण्डेय ने बताया कि सांसद कप क्रिकेट का यह तीसरा वर्ष है। और खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और सांसद नकुलनाथ जी ने अनेक आकर्षक पुरूषकार रखे हैं जिसमें विजेता टीम को एक लाख ग्यारह हजार एक सौ ग्यारह रूपए, उपविजेजा टीम को पचपन हजार पांच सौ पचपन रूपए, मैन ऑफ द सीरीज खिलाड़ी को बजाज पल्सर बाईक, के साथ प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बेस्ट बॉलर, बैट्समैन, फील्डर, कीपर, ऑलराउण्डर खिलाड़ियों को स्पोर्टस साईकल प्रदान की जाएगी।

क्रिकेटर सहवाग, युवराज आएंगे

जिला युवक कांग्रेस के अध्यक्ष एकलव्य आहके ने बताया कि सांसद कप से जिले की क्रिकेट प्रतिभाओं को अपने हुनर का प्रदर्शन करने एवं निखारने का अवसर मिलता है। उन्होने कहा कि क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन पर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और सांसद नकुलनाथ के प्रयासों से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी विरेन्द्र सहवाग और युवराज सिंह के आने की संभावना है।

राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचेंगे खिलाड़ी: विश्वनाथ ओक्टे

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे ने कहा कि कमलनाथ जी की सरकार में गुरैया में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का ग्राउण्ड बनाने 32 करोड़ की राशी दी गई थी लेकिन भाजपा सरकार ने इस पर रोक लगा दी उन्होने कहा कि यह वर्ष खुशियों को लेकर आने वाला है कमलनाथ जी फिर मुख्यमंत्री बनेंगे और जितने रूके काम हैं वह पूरे होंगे। उन्होने कहा कि सांसद कप से जिले के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचने का मौका मिलेगा।

क्रिकेट के लिए समर्पित हैं आशीष त्रिपाठी

टर्फ का पिच आसपास के जिलों में नहीं



छिंदवाड़ा। सांसद कप क्रिकेट टूर्नामेंट का यह तीसरा वर्ष है। युवक कांग्रेस की पूरी टीम टूर्नामेंट की सफलता के लिए तन्मयता से काम करती है जिससे टूर्नामेंट पूर्ण रूप से सफल हो और इसकी ख्याति आसपास के जिलों में भी हो। टूर्नामेंट की टीम में एक ऐसा नाम है जो हमेशा क्रिकेट के बारे में ही सोचते हैं वे हैं जिला क्रिकेट संघ के सचिव आशीष त्रिपाठी जो क्रिकेट के लिए समर्पित हैं उनकी मेहनत है कि शुक्ला ग्राउण्ड क्रिकेट मैदान खेलने लायक बना हैं साथ ही यहां पर क्रिकेट का टर्फ पिच है जो प्रदेश के अन्य जिलों में नहीं है। सांसद कप क्रिकेट टूर्नामेंट में सांसद नकुलनाथ की रूचि है यह टूर्नामेंट जिले के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए हैं 5 जनवरी से प्रारंभ इस टूर्नामेंट में 32 टीमें भाग लेंगी और 23 दिन तक टूर्नामेंट का खिलाड़ी और दर्शक जश्न मनाएंगे।

प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही कलेक्टर से मिले

अतिरिक्त साढ़े तीन लाख मांगने पर उठाई आपत्ति

छिंदवाड़ा । प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आनंदम हाउसिंग प्रोजेक्ट इमलीखेड़ा में नगर निगम द्वारा काम अधूरा होने के बाद भी हितग्राहियों से 3 लाख 50 हजार रूपए अतिरिक्त राशी देने दिए गए नोटिस को लेकर हितग्राही मंगलवार को कलेक्टर से मिलने पहुंचे हितग्राहियों ने मांग की है कि वे अतिरिक्त राशी नहीं देंगे उन्हें शीघ्र मकान आवंटित किया जाए। हाल ही में नगर निगम ने इमलीखेड़ा हाउसिंग प्रोजेक्ट में कान लेने वाले 78 हितग्राहियों को नोटिस जारी किा है और 32 और 33 लाख के इन मकानों में में निगम फिर से साढ़े तीन लाख की अतिरिक्त डिमांड कर रहा है। जबकि प्रभारी मंत्री कमल पटेल ने खुद आश्वासन दिया था कि ये राशी हितग्राहियों से वसूली नहीं जाएगी। हितग्राहियों ने कलेक्टर के सामने यह भी बात उठाई कि निगम ने बहुत सी सुविधाएं पर काम नहीं किया है। कलेक्टर ने हितग्राहियों को आश्वासन दिया कि वे मौके पर जाकर समस्या का हल निकालेंगी।

12 जनवरी को अयोध्या पहुंचने का आव्हान

महामंडलेश्वर कनक बिहारी जी के मार्गदर्शन में 9009 कुण्डीय महायज्ञ की तैयारी

छिंदवाड़ा । अखंड रघुवंशी समाज कल्याण महापरिषद के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष एवं युवा भाजपा नेता अध्यक्ष संदीप रघुवंशी ने बताया कि जिले की चांद तहसील अंतर्गत श्रीराम जानकी मंदिर कनक धाम तपोस्थली के रघुवंश संत शिरोमणी श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर श्री कनक बिहारी दास जी त्यागी मार्गदर्शन में बैठक आयोजित कर अयोध्या पहुंचने हेतु रूपरेखा तैयार की गई। 9009 कुण्डीय यज्ञ 2024 की तैयारी हेतु राम जन्मभूमि श्री अयोध्या धाम में नवनिर्मित मंदिर में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व सन 2024 में महाविशाल श्रीराम महायज्ञ संपन्न कराने देश के कोने कोने में भ्रमण कर श्रद्धालुओं साधु संतो से संपर्क कर चौबीसों घंटे राम नाम की अलख जगाने व महायज्ञ की तैयारी में लगे हुए है। आगामी 12 जनवरी 2023को अयोध्या पहुंचकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों साधु-संतों अयोध्या मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास जी से भेंटकर महायज्ञ हेतु लगने वाली

लगभग 500 एकड़ भूमि का चयन कर श्री सीताराम संकीर्तन तपस्या महायज्ञ की व्यवस्थाओं को सुनियोजित मूर्तरूप प्रदान करने हेतु गुना, विदिशा, भोपाल, इंदौर ,उज्जैन, कोलारस ,शिवपुरी ,नरसिंहपुर, बैतूल ,छिंदवाड़ा, सिवनी के जनप्रतिनिधियों के साथ पहुंच रहे हैं।संदीप रघुवंशी ने बताया कि छिंदवाडा जिले से समस्त ग्रामों के सभी रघुवंशी समाज के लोगों से अपने अपने ग्रामों से अपने अपने इष्टमित्रों व धर्म प्रेमी भाईयों के साथ साथ प्रत्येक ग्रामों से एक एक वाहन के साथ 10 जनवरी को छिन्दवाड़ा होते हुए सभी जिलों का अति महाविशाल रामभक्तों के जुलूस के साथ श्रीराम यात्रा सम्पन्न हुई थी ऐसी यह महाविशाल श्रीरामयज्ञ महा विशाल यात्रा महाराज के आशीर्वाद से निकल रही है(चौरई)छिंदवाडा जिले से भी अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होने अपील की गई है।

सर्वोदय अहिंसा का 350 वां वैक्सिनेशन कैंम्प संम्पन्न



अब तक 1 लाख 25 हजार 775 नागरिकों को लगाई कोविड 19 वैक्सीन, नर्सिंग बहनों का किया सम्मान

छिन्दवाड़ा । सबका जीवन स्वस्थ सुरक्षित एवं मंगलमय हो इस पवित्र एवं मंगल कामना के साथ भारत शासन एवं मध्य प्रदेश शासन की पहल पर जिला प्रशासन के कुशल मार्गदर्शन में छिन्दवाड़ा में कोविड 19 टीकाकरण का कार्य अनवरत रूप से जारी है।जिसमे अनुविभागीय अधिकारी श्री अतुल सिंह की प्रेरणा से सामाजिक संस्था सर्वोदय अहिंसा के प्रदेश सयोंजक दीपकराज जैन 5 जून 2021 से अनवरत रूप से अपनी कुशल सेवाएं देकर माँ भारती की सेवा का संकल्प पूरा करते हुए मानव सेवा की मिशाल पेश कर रहे हैं। इस नि:स्वार्थ पवित्र कार्य के लिए उन्हें मध्य प्रदेश शासन के गृहमंत्री श्री नरोत्तम मिश्रजी एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री कमल पटेलजी के हस्ते सम्मानित भी किया गया।पौष शुक्ल बारस मंगलवार 03 जनवरी 2023 को सर्वोदय अहिंसा ने मेडिकल कॉलेज में अपना 350 वां टीकाकरण शिविर पूर्ण किया और अब तक कुल 1 लाख 25 हजार 775 नागरिकों सहित विद्यार्थियों को कोवैक्सिन, कोविशिल्ड एवं कार्वोवेक्स के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय प्रिकॉशन डोज लगाकर सेवा कार्य की मिशाल पेश की।इसी के साथ जिला प्रशासन के सहयोग से श्री जैन द्वारा प्रतिदिन सौशल मीडिया में माध्यम से लाखों नागरिकों तक वैक्सिनेशन सेंटरों की जानकारी भी प्रेषित की जाती है जिससे नगर के सभी नागरिकों को टीकाकरण की जानकारी सुलभ हो रही है।

गरीबी रेखा कार्ड और राशन कार्ड बनाने, नक्शा दुरूस्त करने, अनुकंपा नियुक्ति दिलाने मांग

जनसुनवाई में सुनी गईं 231 आवेदकों की समस्याएं

छिन्दवाड़ा । आम आदमी की समस्याओं के निराकरण के लिए आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में 231 आवेदकों की समस्याएं सुनी गई। कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के मार्गदर्शन में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में सीईओ जिला पंचायत हरेन्द्र नारायण ने जनसुनवाई में आये आवेदकों को अपने समक्ष में बैठाकर बारी-बारी से उनकी समस्यायें सुनी। इस दौरान जिले के शहरी और ग्रामीण, दूरस्थ अंचलों से आये आवेदकों ने सामूहिक और व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी समस्याओं के निराकरण के लिये आवेदन प्रस्तुत किये। जनसुनवाई में मुख्य रूप से गरीबी रेखा कार्ड और राशन कार्ड बनाने, नक्शा दुरूस्त करने, अनुकंपा नियुक्ति दिलाने, शिक्षक की कमी दूर करने, सड़क निर्माण कराने, आवासीय व वनाधिकार पट्टा प्रदाय करने, आर्थिक सहायता व अनुग्रह राशि दिलाने, पेंशन दिलाने, प्रधानमंत्री आवास योजना में मकान आवंटित करने, विद्यत पोल लगाने, निर्माण कार्य की मजदूरी दिलाने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुये। जनसुनवाई के दौरान आवेदकों के बैठने की व्यवस्था भी की गई थी । मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री नारायण ने विभिन्न आवेदनों में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुडे संबंधित अधिकारियों को तत्काल प्रकरण नोट कराते हुए तत्परता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कई प्रकरणों को समय सीमा की बैठक में समीक्षा के लिये भी चिन्हांकित किया । जनसुनवाई कार्यक्रम में ग्राम अर्जुनवाड़ी के श्री हरिराम वरकोरिया ने कपिलधारा योजना के अंतर्गत कुंआ निर्माण कराने, ग्राम रामाकोना की श्रीमती लीलाबाई ने अधूरी सड़क पुलिया निर्माण से उसके खेत में जल भराव से फसल नुकसानी का मुआवजा दिलाने, ग्राम कोंडरा के गुलसम वर्मा व अन्य हितग्राहियों ने पशुपालन व डेयरी के लिये ऋण दिलाने, ग्राम पिपरिया रत्ती की श्रीमती प्राची शर्मा ने अनुकम्पा नियुक्ति दिलाने, ग्राम डुंडी भाजीपानी के श्री बालकिशन यादव द्वारा काबिज भूमि से बेदखल किये जाने पर मुआवजा दिलाने, ग्राम केकड़ा के नरेश यादव ने क्षतिग्रस्त नहर की मरम्मत करने व खराब हुई फसल का मुआवजा दिलाने, ग्राम गोलीढाना के ग्रामवासियों ने ग्राम को राजस्व ग्राम में सम्मिलित कराने, ग्राम सिमरिया कला की सुश्री प्रेमवती ने बंटवारा करने, ग्राम रावनवाड़ा की श्रीमती खिमिया बाई ने मकान निर्माण की अनुमति देने, ग्राम केवलारी के रामस्वरूप विश्वकर्मा ने भूमि का आवासीय पट्टा देने, ग्राम साजकुही की श्रीमती रामवती भारती ने आधार कार्ड बनाने, ग्राम साजपानी के श्री आकाश ने कृषि भूमि का सीमांकन करने, बिछुआ नगर के गणेश पराड़कर ने बीपीएल सूची में नाम जोड़ने, सौंसर की श्रीमती रमा बाई ने उनके पंजीकृत स्व-सहायता समूह को मध्यान्ह भोजन का आदेश दिलाने आदि के आवेदन प्रस्तुत किये। इस दौरान कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अतिरिक्त कलेक्टर ओ.पी.सनोडिया, सहायक कलेक्टर सुश्री वैशाली जैन व तहसीलदार सहित संबंधित अधिकारियों द्वारा भी आवेदनों पर सुनवाई की गई,

वरिष्ठ भाजपा पार्षदों का कहना

अच्छा नहीं लग रहा नगर निगम में भी गुटबाजी

गोविंद चौरसिया

छिंदवाड़ा । नगर निगम के पांच सीनियर भाजपा नेता व पार्षद खड़े हुए थे उनसे पूछा गया कैसा लग रहा है तो उन्होने कहा अच्छा नहीं लग रहा है वे भाजपा की गुटबाजी से परेशान हैं उसके कारण ही भाजपा की परिषद नहीं बन पाई। भाजपा के एक सीनियर पार्षद पति ने कहा कि ऐसी ही गुटबाजी चलती रही तो भविष्य ठीक नहीं है उन्होने बताया कि नगर निगम में पार्षदों के गुट हो गए हैं। प्रदेश में भाजपा की सरकार है और वे विपक्ष में बैठे हैं अधिकारी उनकी सुन नहीं रहे हैं। उन्हें लग रहा है कि भविष्य में कांग्रेस की सरकार बनी तो कांग्रेसी बदला लेने माहिर हैं इसीलिए कांग्रेसी पार्षदों को भाजपा के पार्षदों से ज्यादा तब्जो दिया जा रहा है। भाजपा की परिषद होती तो ढेर सारे कमरों में भाजपा के सभापति होते जो अब कांग्रेस के कब्जे में हैं। भाजपा का एक मात्र कब्जा नेता प्रतिपक्ष का है। भाजपा में अभी ऐसा कोई नेता नहीं हैं जो गुटबाजी खत्म कर सके। यही हालत जिले की सभी विधानसभाओं के हैं जहां गुटबाजी चरम पर है।

भाजपा निगम पर 50 करोड़ का कर्जा छोड़ गई :विक्रम अहाके

छिंदवाड़ा । नगर निगम के महापौर विक्रम अहाके व अध्यक्ष सोनू मागो ने विज्ञप्ति में बताया कि नगर की सरकार सिस्टम से चल रही है। महापौर ने बताया कि ईमलीखेड़ा, परतला हाऊसिंग प्रोजेक्ट के हितग्राहियों से किसी भी प्रकार की बढ़ी राशि न वसूलने के जिले के प्रभारी मंत्री कमल पटेल ने अधिकारियों को आदेश दिये थे, उसका क्या हुआ, नगर निगम में भाजपा के पूर्व में कई पाप है, जिसे उजागर किया जा रहा है।

नगर पर 50 करोड़ रूपये का कर्जा छोड़कर गई है, उसका जवाब जिला भाजपा के अध्यक्ष दे। अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि भाजपा ने जनता को छला है, इसीलिए उनका सूपड़ा साफ हो गया, अजनियां की पानी टंकी से गंदा पानी मिला रहे थे।

जल प्रदाय की समस्या निदान हेतु दिए निर्देश

जल की समस्या हल करने का दिया भरोसा

छिंदवाड़ा । निगमायुक्त राहुल सिंह द्वारा वार्ड 18 एवं 21 में जल समस्या के निदान हेतु निरीक्षण किया गया। जहां जल प्रदाय प्रभारी विवेक चौहान को पाइप लाइन के माध्यम से व्यवस्थित जल प्रदान करने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान वरिष्ठ नेता शिव मालवी एवं अभिलाष गोहर उपस्थित रहे। निगमायुक्त ने जल प्रदाय संबंधी समस्याओं के समय सीमा में निदान हेतु आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए।

सफाई व्यवस्था पर निगमायुक्त रहे सख्त, वार्ड 11 एवं 13 का किया निरीक्षण

छिंदवाड़ा। निगमायुक्त दोपहर को सफाई व्यवस्था का जायजा लेने वार्ड क्रमांक 11 एवं 13 पहुंचे। जहां उन्होंने नाले में गंदगी पाए जाने पर तत्काल सफाई हेतु प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मालवी को निर्देशित किया साथ ही नाले पर किए अतिक्रमण को हटाने हेतु वार्ड इंजिनियर को निर्देशित किया साथ ही नाले के ऊपर बने भवनों का विस्तृत परीक्षण कर उन्हे नोटिस जारी करने के निर्देश निगमायुक्त द्वारा दिए गए। इस दौरान निगमाध्यक्ष धर्मेंद्र सोनू मागो एवं वार्ड पार्षद राकेश पहाड़े माइकल भी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने की विभिन्न कार्यों एवं योजनाओं में प्रगति की समीक्षा की

छिन्दवाड़ा । कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने आज कलेक्ट्रेट के मिनी संवाद कक्ष में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर शासन के प्राथमिकता वाले कार्यों व योजनाओं में प्रगति की समीक्षा की। बैठक में मुख्य रूप से पेसा नियम 2022 व संबल योजना-2.0 के क्रियान्वयन, मुख्यमंत्री भू-अधिकार योजना व धारणाधिकार में प्रगति, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, विद्युत की सुचारू आपूर्ति, नहर के अंतिम छोर तक जल की उपलब्धता, अन्न उत्सव की तैयारियां आदि की समीक्षा की गई और आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। समीक्षा के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण की प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए कलेक्टर श्रीमती पटले ने सभी जनपद पंचायतों के लिये जनवरी माह में कम से कम 75 प्रतिशत आवास अनिवार्य रूप से पूर्ण कराने का लक्ष्य निर्धारित किया। साथ ही माह जनवरी में आवंटित लक्ष्य को पूरा कराने के लिए आगामी एक सप्ताह के अंदर शत-प्रतिशत द्वितीय किश्त जारी कराने और तृतीय किश्त प्राप्त आवासों की हितग्राहीवार मैपिंग कर आवासों मे सेंटरिंग लगाने का कार्य कराने के लिए निर्देशित किया।

सावित्रीबाई ने पहला महिला स्कूल प्रारम्भ किया था

निगम क्षेत्र में सावित्रीबाई फुले की प्रतिमा स्थापना की मांग: लोखण्डे

छिंदवाडा । भारतीय बौध्द महासभा प्रदेश प्रवक्ता एड. रमेश लोखण्डे के जन्म दिवस के अवसर पर भारतीय बौध्द महासभा द्वारा गोधुली वृध्दाश्रम छिंदवाड़ा में सावित्री बाई फुले की 192वी जयंती समारोह का आयोजन किया गया सर्वप्रथम प्रदेश प्रवक्ता एड रमेश लोखण्डे उपस्थित पदाधिकारी एवं वृध्दजनों द्वारा वृध्दाश्रम परिसर में पौधारोपण किया तदोपरांत सर्वप्रथम सावित्रीबाई फुले के छायाचित्र पर माल्यापर्ण प्रदेष प्रवक्ता एड रमेष लोखण्डे, जिला उपाध्यक्ष एड. राजेश सांगोडे, दलित मुक्ति सेना महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष संतोषी गजभिये, रमाबाई सुखदेवे, ममता लोखण्डे, जयभीम सामाजिक संगठन जिला अध्यक्ष शिवम पहाडे, ओ.बी.सी. महासभा जिला अध्यक्ष विपिन वर्मा, राष्ट्रीय सचिव एड. देवेन्द्र वर्मा, अनिल गजभिये, श्याम रंगारे, मोहित मानकर, ओम पहाडे, हर्षित बेलवंशी, अरविंद यादव, दिनेष इवनाती, सुरेन्द्र पाल, मदन बरखाने वृध्दाश्रम के वृध्दजनो द्वारा माल्यापर्ण किया तदप,चात् वृध्दजनों का पुष्पमाला द्वारा स्वागत किया गया जयंती समारोह को प्रदेष प्रवक्ता एड रमेष लोखण्डे द्वारा संबोधित करते हुए सर्वप्रथम सावित्रीबाई फुले जयंती की सम्पूर्ण देशवासियों को बधाईयॉ प्रेषित की गई एवं उनके जीवन पर बोलते हुए कहा कि उनका जन्म 3 जनवरी 1831 को हुआ था उनका विवाह 1840 में ज्योतिबा फुले के साथ सम्पन्न हुआ उस समय देश में नारी शिक्षा प्रतिबंधित थी उन्हें षिक्षा प्राप्त नहीं करने दिया जाता था तब उनके पति महात्मा ज्योतिबा फुले द्वारा सावित्रीबाई फुले को स्वयं उन्होनें पढाया उस समय महिलाओं को पढाना पाप समझा जाता था स्त्री शिक्षा पर बंदिष थी उस समय सावित्रीबाई फुले ने 1848 में पुना में प्रथम महिला स्कूल प्रारंभ किया था लोग उनपर पत्थर कीचड फेंकते थे फिर भी सावित्रीबाई फुले निर्भिकता से महिलाओं को पढाते रही सावित्रीबाई फुले महिला अधिकारों के लिए सघर्ष करने वाली प्रथम समाज सुधारक थी वे कहती थी स्वाभिमान से जीने के लिए पढाई करो पाठशाला इंसान का सच्चा गहना है यह सम्पूर्ण देषवासियों से कहती थी।

मध्यप्रदेश शासन

आज़ादी का अमृत महोत्सव

नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री



शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री

हर ग्रामीण पात्र परिवार को आवास हेतु भूखण्ड

मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार योजना

भू-अधिकार पत्र वितरण कार्यक्रम

मुख्य अतिथि

शिवराज सिंह चौहान

मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

₹ 255 करोड़ से अधिक लागत की बान सुजारा समूह जल प्रदाय योजना का शिलान्यास

टीकमगढ़ जिले से शुभारंभ

पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामवासियों की कार्यशाला

जिले के 10 हजार 918 हितग्राहियों को ₹ 129.37 करोड़ मूल्य के आवासीय भूखण्डों का वितरण

4 जनवरी, 2023 | अपराह्न 1:15 बजे

राजस्व विभाग, मध्यप्रदेश

सीधा प्रसारण Webcast.gov.in/mp/cmevents DDMP @Cmmadhyapradesh @Jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @JansamparkMP JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

D-11182/22

आकल्पन : मध्यप्रदेश माध्यम/2023